आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 310 ● कटनी ● गुरुवार, 15 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## पहली पारी में भारत के 404 रन

**चटग्राम , एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला चटग्राम में खेला जा रहा है। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 404 रन बनाए। भारत के लिए चेतेश्वर पुजारा, श्रेयस अय्यर और अश्विन ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं।मोहम्मद सिराज ने पारी की पहली ही गेंद पर बांग्लादेश को पहला झटका दे दिया है।

# सिक्किम के डोकलाम में फिर बड़ी हरकत

## कब्जे की फिराक में है चालबाज चीन, ब्रिज बनाकर दिए नापाक मंसूबे के संकेत

**नई दिल्ली,एजेंसी। चीन ने सिक्किम के डोकलाम में फिर बड़ी हरकत की है। सूत्रों के मुताबिक, चीनी सेना जामफेरी रिज तक पहुंचने की कोशिश में है और उसने टोरसा नाला में ब्रिज बना लिया है। जून, 2017 में जब डोकलाम में भारतीय और चीनी सेना में 72 दिनों का गतिरोध हुआ था, तब चीन ने टोरसा नाला पार करने की कोशिश की थी। अगर चीनी सेना जामफेरी रिज तक पहुंचती है तो भारत के सिलिगुड़ी कॉरिडोर पर खतरा हो जाएगा।**





जामफेरी रिज की अहमियत यह है कि यहां जो पहले पहुंचेगा, वह दूसरे पर पूरी तरह हावी हो सकता है। चीनी सैनिक जामफेरी रिज पहुंचे तो उन्हें भारतीय सेना के डोकला पोस्ट पहुंचने में देर नहीं लगेगी। जामफेरी रिज से सीधे सिलिगुड़ी कॉरिडोर पर नजर रखी जा सकती है। भारत का सिलिगुड़ी कॉरिडोर सामरिक रूप से बेहद अहम है। यह बहुत संकरा रास्ता है जिससे पूरा नॉर्थ-ईस्ट देश के बाकी हिस्से से जुड़ता है। 2017 में चीन ने डोकलाम के जामफेरी रिज तक ही सड़क बनाने की कोशिश की थी जिससे गाड़ियां सीधे जामफेरी रिज पहुंचें। भारतीय सेना ने चीनी सैनिकों को सड़क का काम करने से रोका था। 72 दिनों तक चले गतिरोध के बाद चीनी सैनिकों को लौटना पड़ा। बाद में चीनी सेना ने डोकलाम में कई इंफ्रास्ट्रक्चर और हेलिपैड बनाए। करीब 600 सैनिकों की स्थाई तैनाती भी की।

### भारत ने बनाया ये प्लान, अब ड्रैगन को याद आएगी नानी

चीन को एलएसी पर जवाब देने के लिए भारतीय सेना नई रणनीति पर काम कर रही है। इसके तहत,ष्ट पर सेना की ढ्ढक्क यानी इंटिग्रेटेड बैटल ग्रुप की तैनाती होगी। इस ग्रुप में सेना की अलग-अलग फील्ड के माहिर जवान होंगे। इनमें पैदल सैनिक, टैंक, तोप, इंजिनियर्स, लॉजिस्टिक, सपोर्ट यूनिट सहित वे सभी सैनिक होंगे, जो किसी जंग के लिए जरूरी हैं। सेना के ये समूह ज्यादा घातक होंगे। इन्हें एक्सरसाइज के जरिए ज्यादा ऊंचाई वाली चोटियों में जंग में माहिर बनाया गया है।

### अभी भारतीय सेना की दो कोर

9वीं और 17वीं तीन साल से ढ्ढक्क पर एक्सरसाइज कर रही हैं। पिछले साल ही ऐसे इंटिग्रेटेड बैटल ग्रुप का वैलिडेशन हो चुका है। वैलिडेशन का मतलब है कि कई एक्सरसाइज के जरिए परखा गया है कि ये बैटल ग्रुप कैसे ज्यादा असरदार होंगे। इसके बाद ही इन्हें मान्यता दी गई है। अब ढ्ढक्क बनाने के लिए सरकार के आदेश का इंतजार है।

## मंदी से भारत भी अछूता नहीं रहेगा



### राहुल से इंटरव्यू में रघुराम राजन

**नई दिल्ली, यशभारत।** भारत जोड़ो यात्रा में आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन शामिल हुए जिसके बाद राहुल गांधी ने राजन से बातचीत भी की । राहुल गांधी की आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के साथ बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है. राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में बुधवार को शामिल हुए भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि देश में अगली क्रांति सेवा क्षेत्र में हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में स्थिरता, उत्सर्जन में एक नई तरह की हरित क्रांति भी हो रही है और भारत जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए पवन चक्कियां बनाने, इमारतों को हरा-भरा बनाने में सबसे आगे हो सकता है। राजन के साथ बातचीत में राहुल गांधी ने भारत, अमेरिका और अन्य देशों में मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों, छोटे उद्योगों के सामने चुनौतियों, आर्थिक असमानता के बारे में उनसे पूछा. जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि देश में चार-पांच उद्योगपति अमीर हो रहे हैं, बाकी देश के लोग पीछे हैं और उद्योगपतियों के एक समूह का एक अलग 'हिंदुस्तान' है, जबकि किसानों और अन्य लोगों का एक और 'हिंदुस्तान' है, गांधी की इस बात पर पूर्व गवर्नर राजन ने कहा कि यह एक बड़ी समस्या है लेकिन यह पूंजीपतियों के बारे में नहीं है. राजन ने कहा कि अगला साल मौजूदा साल की तरह मुश्किल भरा रहने वाला है. उन्होंने कहा कि दुनिया में विकास धीमा होने जा रहा है और भारत पर भी इसकी मार पड़ने वाली है।

## आसनसोल में कंबल बांटने के दौरान भगदड़ 3 लोगों की मौत, 5 घायल

**आसनसोल, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में बुधवार को कंबल बांटने के दौरान भगदड़ मच गई। घटना में 3 की मौत हो गई, जबकि 5 घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में दो महिलाएं। उनकी अभी पहचान नहीं हो पाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना उस समय हुई, जब भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी अपना भाषण खत्म कर कार्यक्रम स्थल से जा रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन जिले के पूर्व मेयर और भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी ने किया था।

## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ की सजा

# 5-5 साल की जेल

**डिंडोरी, यशभारत।** आदिवासी जिला डिंडोरी में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले सरकारी स्कूल के शिक्षक और उसकी पत्नी को अंतत: सजा मिल गई। साल 2010 में पति-पत्नी ने छात्रों को फेल कराने के उद्देश्य से उनी आंसर शीट के पन्ने फाड़ दिए थे। उन्होंने यह काम केवल इसलिए किया था क्योंकि पीड़ित छात्रों ने उनसे कोचिंग लेने से इनकार कर दिया था। घटना के करीब 12 साल बाद डिंडोरी जिला न्यायालय ने दोनों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। न्यायालय के आदेश के बाद पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिला न्यायालय के मीडिया सेल प्रभारी और सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि सिविल लाइन निवासी आरोपी ललित पारधी और उसकी पत्नी दीप्ति को गिरफ्तार कर डिंडोरी जेल भेजा गया है। ललित पारधी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में व्याख्याता है। घटना के समय उसकी पत्नी दीप्ति पारधी सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक थी। 20 मार्च 2010 को पति-पत्नी ने कुछ छात्रों की 12वीं क्लास की बुक कीपिंग एंड अकॉउंटेंसी की आंसर शीट से अंदर के पन्ने फाड़ दिए थे। इसकी जगह उन्होंने खाली पन्ना लगा दिया था। शिक्षक दंपति ने छात्रों को परीक्षा में फेल कराने के उद्देश्य से यह काम किया था। इस मामले में उनके खिलाफ धारा 420, 420/34, 468, 468/34, 469 और 469/34 के तहत मामला दर्ज किया गया था।



### कोचिंग नहीं लेने पर रची साजिश

दोनों आरोपियों ने छात्रों द्वारा ट्यूशन नहीं लेने के चलते यह साजिश रची थी। इसके चलते सरस्वती शिशु मंदिर के कई छात्र बुक कीपिंग एंड अकॉउंटेंसी विषय में फेल हो गए थे। वर्ष 2010 में परीक्षा केंद्र कस्तूरबा कन्याशाला में था। आरोपी शिक्षक ललित पारधी इस स्कूल में केंद्राध्यक्ष और स्ट्रॉन्ग रूम प्रभारी थे। पति-पत्नी ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था और छात्रों का भविष्य खराब करने की कोशिश की थी।

### सजा के साथ जुर्माना भी

न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी ललित और दीप्ति पारधी को दोषी करार दिया। दोनों को पांच-पांच साल के सश्रम कारावास के साथ पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर हरेक अपराध के लिए छह-छह महीने का अतिरिक्त सश्रम कारावास भी आरोपियों को भुगतना होगा।

# बिहार में जहरीली शराब अब तक 39 मौतें

## जो पिएगा वो मरेगा ही, सीएम नीतीश कुमार का बयान





**पटना , एजेंसी।** छपरा में जहरीली शराब से बड़ी संख्या में हुई मौतों पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बयान आया है। सीएम नीतीश ने कहा कि अगर शराब पिओगे तो मरोगे ही। हमने शराबबंदी लागू कर रखी है। इसके बावजूद लोग शराब पी रहे हैं। शराब बुरी चीज है जो शराब पिएगा वो तो मरेगा ही. ये उदाहरण सामने हैं। सीएम नीतीश ने कहा कि जहरीली शराब बनाने वाले धंधेबाजों को पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि छपरा में जहरीली शराब से दो दिन के भीतर 39 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार सुबह ही 6 लोगों ने दम तोड़ा। इन सभी की मौत मंगलवार रात से गुरुवार सुबह तक हुई है। विभिन्न अस्पतालों में अभी 15 से 20 लोग और भर्ती हैं जिनका इलाज किया जा रहा है। वहीं, उपरा शराबकांड की गाज अब पुलिसकर्मियों पर गिरने लगी है। मशरक के थानेदार और चौकीदार को सस्पें कर दिया गया है। इसी इलाके में सर्वाधिक मौतें हुई हैं। मडौरा डीएसपी पर भी विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को विधानसभा में जाने से पहले मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमने बिहार में 2016 से शराबबंदी लागू कर रखी है। उसी समय जहरीली शराब की बात सामने आई थी। सरकार ने इसके खिलाफ बहुत एक्शन लिए। मगर लोगों को भी सचेत रहना चाहिए।




## बिलावल ने N में भारत के खिलाफ उगला जहर

### जयशंकर ने दिया करारा जवाब, पूरे पाकिस्तान की बोलती हुई बंद

**संयुक्त राष्ट्र,एजेंसी।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक बार फिर कश्मीर मुद्दे का राग अलापा है। बिलावल ने संयुक्त राष्ट्र में बोलने के मौके का इस्तेमाल भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिए किया। लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने जवाब से पूरे पाकिस्तान की बोलती बंद कर दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ही आतंकी ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी। ऐसे में पाकिस्तान उपदेश देने के काबिल नहीं है। बिलावल भुट्टो-जरदारी ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कश्मीर मुद्दे पर अपने प्रस्तावों को लागू करने का आह्वान किया। यहां बिलावल ने कहा, चविश्व व्यवस्था, शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षा परिषद कश्मीर मुद्दे पर अपने प्रस्तावों को लागू करे।

# पठान के विरोध में लोगों ने फूंके शाहरुख-दीपिका के पुतले

**भोपाल, ईएमएस।** बुधवार को ही मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने चेतावनी दी थी कि अगर च्पठानज्के कुछ सीन्स और दीपिका के कपड़ों में बदलाव नहीं किया गया तो फिल्म को वहां रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा था कि टुकड़े-टुकड़े गैंग की सपोर्टर दीपिका पादुकोण के कपड़े आपत्तिजनक हैं और च्बेशर्म रंगज गाना भी गंदी मानसिकता के साथ फिल्माया गया है। इस फिल्म के सीन्स और दीपिका के कपड़ों को ठीक किया जाए, नहीं तो फिल्म रिलीज नहीं होने दी जाएगी। उधर Pathaan में दीपिका के भगवा बिकिनी लुक पर मचे बवाल को पायल रोहतगी ने च्बेवकूफीज्बताया। Payal Rohatgi ने कहा कि जो ऑब्जेक्शन उठाया जा रहा है, वो बेबुनियाद है। कलर को टारगेट करना सही नहीं है। पायल रोहतगी ने कहा, अब तो ऐसा नहीं है कि दीपिका पादुकोण ने सनातन धर्म से जुड़े हमारे भगवानों की तस्वीर को बिकिनी में रखा है। ऐसे में सिर्फ रंग की वजह से टारगेट किया जाना सही नहीं है। मैं जिस रिएलिटी शो में थी, वहां भी हमारी यूनिफॉर्म इसी रंग की थी। हम उसे लात मारते थे और फाड़ते भी थे। तो क्या हम भी गलत हैं?ज्पायल रोहतगी ने कहा कि इस तरह की आपत्ति जताने वाले लोग बेवकूफ हैं। ऐसा लगता है कि उनका यह रवैया या एजेंडा सिर्फ पब्लिसिटी के लिए है। पायल रोहतगी ने कहा कि इस तरह की चीजों से च्पठानज को नुकसान नहीं बल्कि फायदा ही होगा। बायकॉट ट्रेंड चलाने से फिल्म का फायदा ही होगा।






## बीमा के 4 करोड़ लेने का प्लान पड़ा उलटा

# नकली बीवी ने ही करवा दिया कत्ल

**नासिक, ईएमएस।** महाराष्ट्र के नासिक में इंश्योरेंस के 4 करोड़ रुपये लेने के लिए हत्या की अनोखी वारदात सामने आई है. इसमें यह पूरा प्लान बनाने वाला खुद अपनी ही प्लान का शिकार हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबक, इस शख्स ने फर्जी दस्तावेजों से नकली शादी का सर्टिफिकेट बनवाया और प्लान किया कि सड़क हादसे में उसकी मौत दिखाकर उसकी नकली पत्नी इंश्योरेंस के 4 करोड़ रुपये क्लेम कर लेगी, जिसे वो दोनों फिर आपस में बांट लेंगे। इंश्योरेंस क्लेम के लिए दोनों फर्जी पति-पत्नी फिर एक ऐसे इंसान की खोज में जुट गए, जिसकी हत्या करके वे पति की लाश के रूप में दिखाकर बीमा के पैसे ले सकें. हालांकि इन दोनों को कई दिनों तक ऐसा कोई शख्स नहीं मिला. इसके बाद नकली पत्नी ने अपने दूसरे साथियों के साथ मिलकर अपने नकली पति को ही मार डाला. पैसों के बंटवारे को लेकर झगड़े से खुला राज़ महिला ने नकली पति की हत्या करके उसकी बॉडी को कार से कुचल दिया. इसके बाद उसने इंश्योरेंस क्लेम किया और उसे बीमा के 4 करोड़ रुपये मिल गए. हालांकि इसके महिला को पता चला कि उसके साथियों ने उसे सिर्फ 50 लाख रुपये दिए और बाकी के 3.50 करोड़ रुपये अपने पास रख लिए तो उन सबमें लड़ाई हो गई. जिसके बाद इस हत्याकांड का पूरा कच्चा चिट्ठा खुल गया. पुलिस ने इस मामले में महिला समेत उसके 2 अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया है. नासिक के डीसीपी किरण कुमार चौहान ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में हमने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक महिला भी है. उन्होंने बताया कि बीमा के 4 करोड़ रुपये क्लेम करने के लिए हत्याकांड को अंजाम दिया गया है. इसके लिए फर्जी शादी के कागज बनाए गए और फिर एक्सीडेंट दिखाकर इंश्योरेंस क्लेम किया गया।



## ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनेगा निर्मल सत्य गार्डन, कल होगी रिहर्सल

# नेता ले रहे तैयारियों का जायजा कार्यकर्ताओं की हो रहीं लगातार बैठकें

### जायजा लेने कटनी पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सतना महापौर



**कटनी, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश पदाधिकारी बैठक की तैयारियों का जायजा लेने कटनी पहुंचे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सतना के महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व की आगवानी उनके सत्कार का मौका प्राप्त हो रहा है। कटनी जिला में पहली बार प्रदेश पदाधिकारी बैठक को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से जुटे है। श्री ताम्रकार ने निर्मल सत्य गार्डन में विभिन्न दायित्वों के कार्यकर्ताओं से बैठक में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने कहा कि कटनी जिला के प्रत्येक देवतुल्य कार्यकर्ताओं के लिए यह बेहद अविस्मरणीय समय है। निर्मल सत्य गार्डन ऐतिहासिक बैठक का साक्षी बनने के लिए तैयार है। प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन के साथ कटनी में सबसे बड़े संगठनात्मक आयोजन के लिए दिन रात एक कर रहा है। 17 दिसम्बर शनिवार को 5 सत्रों की यह बैठक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। व्यवस्था प्रभारी सतना महापौर श्री ताम्रकार के साथ आज बैठक में जिला अध्यक्ष दीपक सोनी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामचन्द्र तिवारी, महामंत्री चेतन हिंदुजा, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष ममता पटेल मंचासीन थीं। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय ने किया।

### इनके आगमन की सूचना

कटनी में इस बैठक में शामिल होने राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश जी, राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द जी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रहलाद पटेल के साथ हमारे लोकप्रिय अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित सम्पूर्ण कार्यकारणी मोर्चा, प्रकोष्ठ, प्रकल्प, विभाग के संयोजक, जिलों के अध्यक्ष तथा जिला प्रभारी करीब 220 लोग अपेक्षित है।



### सीएम का अब एक दिन ही आगमन

कटनी में आयोजित हो रही प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक के बाद कटनी में मुख्यमंत्री का प्रवास दूसरे दिन अर्थात 18 दिसंबर को भी होना था उन्हें लघु उद्योग भारती के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कटनी आना था लेकिन अब जो कार्यक्रम तय हुआ है उसके अनुसार मुख्यमंत्री 17 दिसंबर को सुबह से कटनी में रहेंगे। यहां पदाधिकारियों की बैठक तथा लघु उद्योग भारती के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम को जबलपुर प्रस्थान करेंगे। आज विधायक संजय पाठक ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया उनके साथ जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, मृदुल द्विवेदी आदि मौजूद थे।





## तिब्बती व्यवयायियों ने अस्पताल में बांटे फल

**कटनी, यशभारत।** विगत कई वर्षो कटनी में तिब्बती वूलन व्यापारी अपने आराध्य बौद्ध गुरू दलाई लामा से प्रेरणा लेकर कटनी में उलन व्यवसाय के साथ साथ सेवा कार्य भी करते हैं। आपको बता दें कि तिब्बती धर्म गुरू को विश्व में शांति स्थापित करने के प्रयास पर नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसलिये दुनिया भर के शिष्य 10 दिसम्बर दलाई लामा जी के सम्मनित होने की खुशी मनाते हैं। इसी क्रम में कटनी कटनी जिला चिकात्सालय में भी विगत दिवस तिब्बती उलन व्यवसायियों ने फल दूध व ब्रेड़ मरीज एवं उनके साथियों को वितरित किया।

# बादल छंटते ही पड़ेगी जोरदार ठंड

### फिलहाल ठंड में गर्मी के अहसास से लोग परेशान



**कटनी, यशभारत।** प्रदेश में धीरे-धीरे मौसम साफ होने लगा है। इसका असर अब नजर आयेगा। कटनी जिले में बादल छंटने से बुधवार को दिन के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। किन्तु मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने लगेगी। शनिवार तक कटनी में रात के तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। हालांकि गुरुवार को भी नर्मदापुरम एवं इंदौर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा भी हो सकती है। जानकारों के अनुसार ओडिशा पर बना प्रति चक्रवात भी कुछ कमजोर पड़ गया है। इन मौसम प्रणालियों का असर मध्य प्रदेश में पड़ा है। बादल छाए हैं गर्मी भी महसूस हो रही है। गुरुवार को इंदौर व नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा हो सकती है। इसके बाद बादल छंटने लगेंगे। दो दिन में चार डिग्री सेल्सियस तक पारा लुढ़क सकता है। इससे ठंड में इजाफा होगा। बुधवार को प्रदेश में सबसे कम 8.8 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। जबलपुर मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को न्यूनतम तापमान रीवा, शहडोल एवं सागर संभाग के जिलों में काफी गिरा। जबकि कटनी के साथ जबलपुर, शहडोल, उज्जैन और भोपाल संभाग के जिलों में सामान्य से काफी अधिक रहा। शेष संभाग के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। कर्नाटक-केरल के तट पर बना कम दबाव का क्षेत्र अरब सागर में अरब देशों की तरफ बढ़ने लगा है। इससे इस मौसम प्रणाली का प्रभाव कम हो गया है। ओडिशा पर बना प्रतिचक्रवात भी कमजोर पड़ गया है।

## 6 माह में तैयार होना था औद्योगिक क्षेत्र, अफसर पांच साल में नहीं कर पाए



**कटनी, यशभारत।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के द्वारा शहर से व्यवसाइयों को बाहर शिफ्ट करने के लिए 2018 में एक योजना बनाई गई थी, ताकि विकास को पंख लग सकें और स्वरोजगार, रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। आपको जानकारी हैरानी होगी कि विभाग द्वारा पांच साल बाद भी यहां पर औद्योगिक क्षेत्र शुरू नहीं कराया गया। हाल में मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, सड़क के लिए काम हुआ है, लेकिन अभी तक किसी भी कारोबारी को प्लाट आवंटन की प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। ऐसे में अफसरों की बेपरवाही साफ झलक रही है। गौरतलब है कि 48 साल बाद जिले में एक और आद्यौगिक क्षेत्र के विकास का सपना तैयार किया गया था, जो आजतक पूरा नहीं हो पाया। जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूर ग्राम तखला-टिकरिया में खसरा नं. 101 में उद्योग विभाग द्वारा 19.52 हेक्टेयर रकबे में औद्योगिक क्षेत्र के विकास की योजना बनाई गई है। स्वीकृति मिलने के बाद अधोसंरचना पर कार्य करा दिया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के द्वारा लघु उद्योग निगम भोपाल को राशि जारी की गई है। 10 करोड़ रुपए से विकास कार्य हुए हैं। पहले चरण में सड़क, प्लाटिंग, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है। इंडस्ट्री विकास के लिए 15.42, रोड के लिए 2.48 और कमर्शियल सहित अन्य प्रयोजन के लिए 1.62 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है।

# बिना ट्रेन कैंसिल चलेगा नॉन इंटरलॉकिंग कार्य

### अनूपपुर-कटनी रूट पर 134 किलोमीटर तक तीसरी लाइन कनेक्टिविटी



**कटनी, यशभारत।** अनूपपुर-कटनी रूट पर 134 किलोमीटर तक तीसरी लाइन कनेक्टिविटी का काम चल रहा है। इस रेल मार्ग पर स्थित लोरहा स्टेशन में 17 से 20 दिसंबर तक नॉन इंटरलॉकिंग वर्क होगा। लेकिन, ऐसा पहली बार हो रहा है जब इंटरलॉकिंग के दौरान एक भी यात्री ट्रेन को कैंसिल नहीं किया जा रहा है और न ही रिशेड्यूल किया गया है। इस काम के दौरान ट्रेन न तो आधे रास्ते में रूकेगी और न डायवर्टेड रूट पर चलेगी। अनूपपुर-कटनी रेल मार्ग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक महत्वपूर्ण और व्यस्ततम रेल मार्ग है, जो इस पूरे क्षेत्र को उत्तर भारत से जोड़ती है। इस रूट पर ट्रेनों के परिचालन को और भी सुचारू बनाने और नई ट्रेनों की संभावनाओं को देखते हुए यहां नई लाइन का निर्माण आवश्यक है। रेलवे का दावा है कि इससे आधारभूत संरचना में विकास के साथ नई यात्री सुविधाओं में वृद्धि होगी और यात्री ट्रेनें भी प्रभावित नहीं होगी। इसी दिशा में सक्रियता से काम करते हुए अनूपपुर से कटनी तक तीसरी लाइन का काम चल रहा है। इसके अंतर्गत इस सेक्शन के लोरहा रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का काम होगा। 134 किलोमीटर के इस रेल लाइन में कई स्टेशनों को तीसरी लाइन से जोड़ने का काम हो चुका है।

#### पहली बार ट्रेन कैंसिल किए होगा इंटरलॉकिंग का काम

इस कार्य को तेज गति से पूरा करने के लिए मंडल के लोरहा स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग का काम 17 से 20 दिसंबर तक चलेगा। रेलवे के अफसरों ने बताया कि पहली बार आधुनिक और अभिनव तरीके से काम किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस काम के लिए किसी भी यात्री ट्रेन को कैंसिल, रेगुलेशन, रिशेड्यूलिंग, शॉर्ट टर्मिनेटिंग, डाइवर्जिंग नहीं किया जा रहा है।

#### बढ़ेगी ट्रेनों की गति

अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक बहुत अहम और रणनीतिक लाइन है। अनूपपुर से अंबिकापुर और पूरे क्षेत्र की मध्य भारत और दिल्ली, भोपाल, जबलपुर, कोटा, इलाहाबाद जैसे महत्वपूर्ण शहरों से जुड़ाव इसी लाइन के द्वारा होता है। तीसरी लाइन का कार्य पूरा होते ही ट्रेनों के परिचालन में गतिशीलता आएगी।

# साहित्यकारों का सम्मान



**कटनी, यशभारत।** तुलसी साहित्य अकादमी जिला इकाई कटनी के तत्वाधान में राजविहार शांति नगर में एक भव्य कार्यक्रम का सफल आयोजन गरिमामयी उपस्थित जनों के बीच सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के मंचासीन अतिथि के मुख्य अतिथि अजय श्रीवास्तव महाप्रबंधक विशिष्ट अतिथि चंद्रकिशोर चंदन व तुषार भट्टाचार्य रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु वाजेपयी द्वारा की गई कार्यक्रम में कवियों द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार गीत ग़ज़ल दोहों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध भाव विभोर कर दिया जिसमें दिनेश सोनी राज, विष्णु वाजपेयी, रामनरेश विद्यार्थी, जय नारायण सोनी अम्बर, चंद्रकिशोर चंदन, शानू राज बेख़ौफ़, रामानुज पाण्डेय, तुषार भट्टाचार्य तपन,लखन डेहरिया अनजान, राजीव खरे, प्रियांशू तिवारी, नित्यानंद पाठक, पुष्पा गुप्ता प्रांजलि, प्रियंका मिश्रा, प्रतिभा पटेल आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा पटेल एवं आभार प्रदर्शन अजय श्रीवास्तव ने किया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर/ विशेष विवाह अधिकारी जिला-कटनी, म.प्र.**

क्रमांक/12159/प्रवा.वि.अधि./2022 — कटनी, दिनांक - 14/12/2022

**द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये) विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक लॉरेंस दास आ. श्री सिरिल माईकल (तलाकशुदा) साकिन 197 सिविल लाइन रामरानी जौहर गली महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड मुड़वारा तहसील व जिला कटनी म.प्र. पिन कोड 483501 एवं आवेदिका कंचन सवनामी पिता स्व. श्री गोपी सवनामी (अविवाहित) साकिन नागपुर रोड चुला गोलाई ग्राम नारायणपुर ग्राम पंचायत मंगेली धना तहसील व जिला जबलपुर म.प्र. पिन कोड 482003 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किए जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/- रूपए चालान क्रं. 051/9999999/0029/11/22/123786 दिनांक 28/11/2022 को ऑनलाईन मोड के माध्यम से जमा कर चालान की मूल प्रति एवं अंक सूची, आधार कार्ड सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक / आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा - 5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है, यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति /एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक 19/01/2023 को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभाषक/प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/12/2022 को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

नियत तिथि - 19/01/2023

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-कटनी (म.प्र.)**

**नाम-परिवर्तन**

सूचित किया जा रहा है कि मेरे पुत्र सूजल विश्वकर्मा एवं नमिता विश्वकर्मा की अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम शरद विश्वकर्मा दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम शरद कुमार विश्वकर्मा है। शरद विश्वकर्मा एवं शरद कुमार विश्वकर्मा दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे दोनों नाम से पहचाना जाता है। अतः सूजल एवं नमिता विश्वकर्मा के प्रमाण पत्रों में पिता का नाम शरद कुमार विश्वकर्मा लिखा-पढ़ा एवं समझा जाए।

सूचनादाता
शरद कुमार विश्वकर्मा
सावरकर वार्ड आधारकाप कटनी

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार पांचवा सप्ताह, एक बार जरूर देखें
रोजाना 4 शो ता. 16 से
दोपहर 1, 4, 7 एवं रात्रि 9.30 बजे से




दृश्यम-2
टिकट रेट 200/-,150/-,100/-
कलाकार- अजय देवगन, श्रेया सरन, अक्षय खन्ना, तब्बू आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 16 से
सुबह 11.30, 3, 6.45 एवं रात्रि 10.15 बजे से
अवतार
3D (हिन्दी में)
टिकट रेट
3डी- 300/-, 280/-, 240/-
2डी- 250/-, 230/-, 190/-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**कार्यालय नगर परिषद कैमोर, जिला कटनी (म0प्र0)**

फोन नं 07626.272353 ईमेल -- cmokemore@mpurban.gov.in

क्र0 624/PWD/NP/2022 — कैमोर, दिनांक--12.12.2022

**//ई निविदा आमंत्रण सूचना//**

एतद् द्वारा लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम क्षेणी के पंजीयक कृत ठेकेदार/फर्म से अधोलिखित विवरण अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिनांक 02 अगस्त 2021 से प्रभावशील प्रचलित आई.एस.एस.आर. के आधार पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि (रू0 में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा फार्म का शुल्क | श्रेणी | समयावधि | क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2022_UAD_237368_1 | Construction of R.C.C. Road At Ward No 01 Near Pathak Bunglow, Kymore | 8,22,260/- | 8,300/- | 2,000/- | New PWD Reg. | 2 माह | 1 |
| 2022_UAD_237370_1 | Construction of W.B.M. Road At Ward 14 Avam 15 From Eadgah Puliya To Basti To Amraiyapaar Mukhymarg, Kymore | 4,13,441/- | 4,200/- | 2,000/- | New PWD Reg. | 2 माह | 2 |
| 2022_UAD_237371_1 | Construction of Chabutra Work At Sabji Mandi Sunday Market Ward no 10, Kymore | 8,17,551/- | 8,200/- | 2,000/- | New PWD Reg. | 2 माह | 3 |

शर्तें -(1) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। (2) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 12.12.2022 से 29.12.2022 सायं 5:30 बजे तक है। (3) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 29.12.2022 सायं 5:30 बजे तक है। (4) अमानत राशि एवं अन्य निविदा संबंधित दस्तावेज केवल ऑन लाईन ही मान्य किये जावेगे। निविदा दिनांक 31.12.2022 को 12:00 से खोली जावेगी। (ब) निर्धारित शपथ पत्र (Affidavit) नवीन प्रारूप अनुसार। नोट -(1) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं। (2) निविदाकार को ई.पी.एफ. का पंजीयन प्रमाण देना अनिवार्य होगा। (3) निविदाकार लेबर विभाग का पंजीयन प्रमाण दर स्वीकृति उपरांत देना अनिवार्य होगा। Cost Escalation Clause लागू नहीं होगा।

अध्यक्ष
नगर परिषद कैमोर

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद कैमोर

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, गुरुवार, 15 दिसंबर 2022

# सही पाई गई पीएम आवास में गड़बड़ी की शिकायतें

## फर्जी जियोटैग करते हुए अपात्र हितग्राही के नाम कर आवंटित कर दिया था पीएम आवास

**कटनी/रीठी, यशभारत।** प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितताएं करना ग्राम पंचायत बांधा के सचिव श्रीधर मिश्रा को भारी पड़ गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने शिकायतों की जांच उपरांत सचिव मिश्रा को दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए रीठी जनपद पंचायत में अटैच कर दिया है। सचिव श्रीधर मिश्रा पहले भी इस तरह के कई कारनामे कर चुका था, लेकिन जांच में हीलाहवाली के चलते आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी, लेकिन इस मामले में बारीकी से हुई जांच के उपरांत सचिव दोषी पया गया। इस मामले की शिकायत जिला पंचायत द्वारा की गई। जांच प्रतिवेदन में ग्राम पंचायत बांधा में प्रधानमंत्री आवास योजना में चयनित हितग्राही अरूण कुमार पिता ईश्वरी प्रसाद तिवारी उमेश पाठक के आवास का रजिस्ट्रेशन उपरांत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक द्वारा पुराने आवास का जियटैग न किया जाकर परिवर्तित स्थल का जियोटैग किया जाकर पोर्टल में अन्य हितग्राही के आवास का फोटो अपलोड किया जाकर द्वितीय किश्त जारी की गई। जिस पर सचिव तथा रोजगार सहायक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। रोजगार सहायक द्वारा प्रस्तुत जबाव में यह बात सामने आई कि जियोटैग हेतु मोबाईल एप का यूजर नेम और पासवर्ड का उपयोग श्रीधर मिश्रा द्वारा किया जाकर उनके द्वारा ही उक्त दोनों हितग्राहियों के समस्त जियोटैग किये गये हैं। सचिव श्रीधर मिश्रा द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का जबाव प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे आरोप सही साबित हुए। यह कृत्य मध्यप्रदेश पंचायत सेवा आचरण 1998 के नियम 3 के तहत कदारण की श्रेणी में आता है। सचिव श्रीधर मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए रीठी में अटैच किया गया है।

**जिला पंचायत सीईओ ने जांच के बाद ग्राम पंचायत बांधा के सचिव को किया निलंबित**

यश भारत
खबर का असर




यशभारत की खबर, जिस पर प्रशासन ने संज्ञान लेकर जांच और कार्यवाही की।

### क्या है पूरा मामला

शिकायतों के मुताबिक सचिव श्रीधर मिश्रा ने फर्जी जियो टैग करते हुए पात्रों को वंचित करते हुए अपात्रों के नाम पर पीएम आवास स्वीकृत कर दिया था। बांधा निवासी प्रशांत मिश्रा ने सचिव श्रीधर मिश्रा पर आरोप लगाया था कि सचिव द्वारा पूर्व से तैयार आवास का जियो टैग करके गांव के कुछ लोगों को गलत तरीके से लाभ पहुंचाया गया, जिसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की गई थी। जांच के लिए आए अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शिकायत को सही पाया गया था। जांच में दौरान शिकायतकर्ता के साथ मारपीट भी की गई थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत रीठी थाने में की थी।

### पहले भी इस तरह के कई कारनामे कर चुका है सचिव

जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बांधा का सचिव श्रीधर मिश्रा पहले भी इस तरह के कई कारनामे कर चुका है। सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक सचिव द्वारा विधवा महिला आशाबाई बर्मन के स्वीकृत पीएम आवास को किसी अन्य के नाम स्वीकृत कर क्रमशः 2 किस्तों में 65 हजार रुपये जारी कर अपात्र को लाभ दिया था, सचिव श्रीधर मिश्रा पर मामूली वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही बतौर दंड स्वरूप की गई थी, जबकि उक्त महिला का स्वीकृत पीएम आवास आज तक जियोटेग कर नहीं बनाया गया गया। उच्च अधिकारी शिकायत सही पाए जाने के बाद भी कठोर कार्यवाही नहीं कर पाए। जिसके चलते सचिव के हौसले बुलंद हैं।



# स्लीमनाबाद में नर्मदा नहर का पानी लाने ग्रामीणों ने शुरू की मुहिम

## ग्राम मटवारा में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत

**कटनी, यशभारत।** ग्राम मटवारा में स्लीमनाबाद से निकली कटनी नदी में नर्मदा नहर का पानी मिलाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई है, जिसमें सर्वप्रथम ग्राम पंचायत भवन में बैठक हुई, जहां पर सभी जनप्रतिनिधियों ने एक साथ होकर ग्रामवासियों के सहयोग से हस्ताक्षर अभियान व मांग का समर्थन किया, जिसमें दीपक तिवारी, सरपंच रामानुज पांडे, उपसरपंच अजय विश्वकर्मा ने लोगों को संबोधित कर इस मुहिम के लाभ के बारे में अवगत कराया, उसके बाद हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत हुई, जिसमें ग्राम में भ्रमण कर लोगों को जानकारी देते हुये उनके हस्ताक्षर लिये गये। इस दौरान आदित्य दुबे, राकेश साहू, अभिषेक दुबे, माधुरी जैन, शालिकराम यादव, सचिन बर्मन, रामकृपाल पांडे, रणजीत यादव, गेंदलाल आदिवासी, राजेश पटेल, भरतलाल, देवेंद्र कुमार, लक्ष्मी प्रसाद, संतोष रजक आदि लोग मौजूद रहे।



# गर्म वस्त्र पाकर खुशी से खिले बच्चों के चेहरे

**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग शाखा कटनी के तत्वाधान में जरूरतमंद बच्चों को आंसू से मुस्कान की ओर प्रोजेक्ट के तहत जैन सन्मति सागर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की जरूरतमंद छात्राओं एवं विद्यालय के कर्मचारियों को भीषण ठंड के बचाव हेतु गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा संस्था के अध्यक्ष अनूप सिंघई एवं स्कूल प्राचार्य श्री मिश्रा द्वारा स्वेटर का वितरण कार्य संपन्न किया गया, जिसमें संस्था की अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन, सचिव श्रीमती मंजू जैन, शिल्पा जैन कोषाध्यक्ष, प्रांतीय सह सचिव श्रीमती शशि जैन, श्रीमती नीता जैन, श्रीमती समता जैन, श्रीमती पिंकी जैन, प्रांतीय प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी जैन, केंद्रीय संरक्षिका श्रीमती मुक्ता जैन, प्रांतीय चेयर पर्सन श्रीमती मीनू सिंघई, श्रीमती अंजू जैन, श्रीमती सीमा नाहर, श्रीमती कुसुम चोपड़ा, स्मृतिजैन, राजश्री जैन, मधुबाला जैन, सुमन चौधरी का विशेष सहयोग रहा। श्रीमती निशा जैन, श्रीमती प्रीति पटवारी की उपस्थिति में यह कार्य संपन्न किया गया एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन द्वारा किया गया।

**अभा वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद कटनी शाखा की सराहनीय पहल**

# लघु उद्योगों को बढ़ावा देने ट्रेड फेयर का आयोजन कल से

## मुख्यमंत्री सहित कई दिग्गज हस्तियों का होगा जमावड़ा, कार्यक्रम के आखिरी दिन गायिका अनुराधा पोडवाल देंगी भजनों की शानदार प्रस्तुति

**कटनी, यशभारत।** लघु उद्योग भारती कटनी इकाई द्वारा एमएसएमई विभाग भारत सरकार एवं एमएसएमई विभाग के साथ सहयोग से स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत स्वयंसिद्धा स्वावलंबी भारत ट्रेड फेयर का आयोजन 16 से 18 दिसंबर तक दिव्यांचल गार्डन में किया गया है। तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ कल शाम 4 बजे कृषि मंत्री कमल पटेल, खनिज एवं श्रम मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे, श्रीमती अंजू सिंह सदस्य एमएसएमई बोर्ड भारत सरकार के आतिथ्य में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा उत्कृष्ट श्रमिकों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। पत्रकारवार्ता में लघु उद्योग भारती के प्रदेशाध्यक्ष महेश गुप्ता, प्रदेश महामंत्री अरूण सोनी एवं कार्यक्रम संयोजक अनिल वासवानी ने बताया कि 18 दिसंबर को इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सांसद व्ही डी शर्मा, प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा एवं लघु उद्योग भारती के मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से आए उद्यमियों की उपस्थिति रहेगी। इस इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के विभिन्न सत्रों में उद्यमियों द्वारा मप्र में निवेश बढ़ाने बीटूसी, बीटूबी एवं औद्योगिक विकास की चर्चा की जाएगी। संगठन द्वारा स्वरोजगार एवं स्टार्टअप बढ़ाने के लिए विभिन्न विषयों पर भी चर्चा इस इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में की जाएगी। आयोजन में द्वितीय एवं तृतीय दिवस महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कलश सजाओ, इष्ट देव की पेंटिंग, थाली सजाओ, वेस्ट मटेरियल प्रतियोगिताएं रखी गई है। प्रतिदिन शाम 6 से 8 सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जावेगी।

**स्टार्टअप कॉनक्लेव में 1500 युवाओं को दी जाएगी स्व रोजगार की जानकारी**




### ट्रेड फेयर के दूसरे दिन स्टार्टअप कॉनक्लेव का आयोजन

ट्रेड फेयर के दूसरे दिन 17 दिसंबर को स्टार्टअप कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में संपूर्ण जिले एवं आसपास से चयनित 1500 विद्यार्थी एवं युवाओं को स्टार्टअप्स एवं स्वरोजगार की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, ओमप्रकाश सकलेचा एमएसएमई मंत्री, पी नरहरि सचिव एमएसएमई विभाग, निरुपम मेहरोत्रा मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, सुश्री तान्या मित्तल पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया टूरिज्म एवं लघु उद्योग भारती के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी।

### गायिका अनुराधा पौडवाल की भजन संध्या 18 को

आयोजन में एलईडी बल्ब, लैपटॉप रिपेयरिंग, सोलर रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में नागपुर से आए विशेषज्ञों की टीम द्वारा गो-उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण दिया जावेगा। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के इनक्यूबेशन सेंटर एवं स्टार्टअप के भी स्टाल लगाए जाएंगे। स्टार्टअप द्वारा सक्सेस स्टोरी के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा। संगठन द्वारा चयनित अत्यंत सूक्ष्म एवं लघु ग्रह उद्योगों की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री हेतु नि:शुल्क स्टॉल उपलब्ध कराये जा रहे है।

### 111 स्टाल लगाए जाएंगे ट्रेड फेयर में

ट्रेड फेयर में 111 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें संपूर्ण भारत से उत्पाद निर्माता अपनी सहभागिता कर रही हैं। कटनी जिले के इतिहास में इस तरह का पहला आयोजन लघु उद्योग भारती एवं मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से किया जा रहा है। इस आयोजन में जिले के गारमेंट, दाल मिल, लाइम स्टोन, प्लास्टिक एवं अन्य उत्पादक क्षेत्रों के स्टॉल प्रदर्शित किए जाएंगे।

### इन शासकीय विभागों का रहेगा सहयोग

ट्रेड फेयर में खनिज, उद्यानिकी, कृषि, एमपीआईडीसी जबलपुर, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद जबलपुर, हस्तशिल्प विकास निगम, जिला उद्योग व्यापार सागर, सतना, कटनी, डीपीएम एनआरएलएम, ई गवर्नेंस, पशु चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास के स्टाल लगाए जा रहे हैं।



# स्टाफ की कमी, कैसे सुधरें बिजली फाल्ट, उपभोक्ता परेशान

**कटनी, यशभारत। बिजली कम्पनी आधुनिक उपकरणों को इंस्टॉल कर रही है, लेकिन निचले स्टॉफ की कमी के कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि एक फाल्ट भी आ जाए तो उसे सुधारकार्य करने में आधे से एक घंटे लग जाते हैं। कारण बिजली महकमे में निचले स्टॉफकी कमी। जिला मुख्यालय के स्लीमनाबाद विद्युत वितरण केंद्र वर्तमान में निचले स्टॉफ की कमी से जूझ रहा है।**

## स्लीमनबाद में एक लाइनमेन के भरोसे तीन हजार उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक़ स्लीमनाबाद विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत 51 गांव आते हैं, जिन पर 11 हजार 300 उपभोक्ता हैं, जबकि 4 लाइनमैन ही वितरण केंद्र पर पदस्थ हैं। एक लाइनमैन के पास लगभग 3 हजार उपभोक्ताओं का जिम्मा है, जिनके फाल्ट से लेकर शिकायतों तक के निराकरण की जिम्मेदारी उठानी पड़ती है। बताया जाता है कि 800 उपभोक्ताओं पर कम से कम एक लाइनमेन होना चाहिए। फाल्ट सुधारने में पर्यवेक्षक, वरिष्ठ लाइन सहायक, लाइन सहायक, वरिष्ठ लाइन परिचालक और लाइन परिचालक की भूमिका भी अहम होती है, जबकि वर्तमान में स्लीमनाबाद विद्युत वितरण केंद्र में 4 लाइनमैनों के अलावा 3 ऑपरेटर, 6 मीटर वाचक व 2 हेल्पर ही पदस्थ हैं।

यश भारत
खास खबर

### इनका कहना है

यह बात सही है कि स्लीमनाबाद विद्युत वितरण केंद्र में निचले स्टॉफ की कमी बनी हुई है। जिस कारण फॉल्ट व शिकायतों के निराकरण में समय लग जाता है। निचले स्टॉफके कर्मचारियों की कमी पूरी की जाए इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की गई है।

**-सुबोध सिंह, कनिष्ठ अभियंता स्लीमनाबाद**

### यहां आ रही दिक्कत

वर्तमान में शीतकालीन समय चल रहा है, जिस कारण समस्याएं कम आ रही हैं, लेकिन ग्रीष्मकालीन व बारिश के दौरान विद्युत सब स्टेशनए बिजली लाइनों, मीटर जलना, मीटर बदलना, फ्यूज उड़ना, ट्रांसफार्मर में खराबी समेत अन्य कामों के लिए लाइन स्टाफ की आवश्यकता होती है। ऐसे में स्टॉफ के कम होने के कारण परेशानियों का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ता है। वर्तमान में बिजली कम्पनी ठेका श्रमिकों के भरोसे है। यदि कहीं फॉल्ट आ जाए, तो इन्हीं ठेका श्रमिकों को सुधार कार्य के लिए भेजा जाता है। कई बार ऐसे मामले भी सामने आए कि लाइन में काम करते वक्त लाइन अचानक चालू हो गई और ठेकाकर्मी हादसों का शिकार हो गए।



# ऊर्जा की बचत करना हम सबकी जिम्मेदारी

## गर्ल्स कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय उर्जा साक्षरता दिवस

**कटनी, यशभारत।** राष्ट्रीय उर्जा साक्षरता दिवस पर शासकीय कन्या महाविद्यालय के हिन्दी विभाग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण से संबंधित वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया। जिसके माध्यम से छात्राओं को उर्जा संरक्षण के उपाय एवं उससे लाभ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को उर्जा साक्षरता अभियान से जुड़ने के लिये प्रेरित एवं उत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में शासन द्वारा समस्त व्यक्तियों को जागरूक करने के लिये अभियान चलाया जा रहा है किन्तु यह सभी के लिये अनिवार्य एवं आवश्यक है कि उर्जा महत्ता पर अमल करें। साथ ही अपने परिवार आसपास के लोगों तक इसकी जानकारी प्रदान करें। क्योंकि बढ़ती जनसंख्या के कारण उर्जा का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। ऊर्जा की बचत करना सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर डॉ रश्मि चतुर्वेदी, डॉ बिमला गिंज, डॉ वीणा सिंह, अमिताभ पाण्डेय, के जे सिन्हा, डॉ केण् जी सिंह, भीम बर्मन, श्रीमती मैत्रेयी शुक्ला, श्रीमती नम्रता निगम, आरती वर्मा, स्मृति दहायत, प्रेमलाल कांवरे, फूलचंद कोरी एवं महाविद्यालय की छात्राओं की उपस्थिति रही।

सस्ती सुंदर
125/-
में सिंगल
बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)




Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW

Mittal MALL

Paytm

book my show

From 09th December 2022

Cineworldz Cinema Katni by CMW..
Schedule for the 09.12.2022 to 15.12.2022

| AUDI - 1 | SHOW | RATE |
|---|---|---|
| MAARRICH 2D HN | 01:00PM | 100-120-150-250 |
| MAARRICH 2D HN | 04:00PM | 100-120-150-250 |
| DRISHYAM-2 | 07:00PM | 100-120-150-250 |
| DRISHYAM-2 | 10:00PM | 100-120-150-250 |
| AUDI - 2 | SHOW | |
| DRISHYAM-2 | 12:30PM | 100-120-150-250 |
| DRISHYAM-2 | 03:30PM | 100-120-150-250 |
| BHEDIYA 3D HN | 06:30PM | 130-150-200-300 |
| BHEDIYA 2D HN | 09:30PM | 100-120-150-250 |
| AUDI - 3 | SHOW | |
| SHADOW ASSISSIAN 2D HN | 12:00PM | 100-120-150 |
| DRISHYAM-2 | 03:00PM | 100-120-150 |
| VIJAYANAND 2D HN | 06:00PM | 100-120-150 |
| MAARRICH 2D HN | 09:00PM | 100-120-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# HDL-मोदी की डिजिटल एग्रीकल्चर क्रांति से बदल रही है किसानों की हालत: प्रहलाद

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने बताई, एनडीए में होने वाले विकास की गतिविधिया

**भोपाल, यशभारत। केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किसानों के हाथों में आधुनिक डिजीटल तकनीक देकर उन्हें ताकतवर और क्षमतावान बनाया है। इस तकनीक के जरिए किसानों को कई तरह की परेशानियों से बचाया गया। उन्होंने कहा लूट-भ्रष्टाचार और बिचौलियों से किसान मुक्त हुए। सरकार की सहायता राशि सीधे किसानों तक पहुंचने लगी।**



किसान को सरकार ने कारोबार करने के नए नए मौके मुहैया कराए। बीज से बाजार तक किसान के लिए नई अवधारणा बनाई गई। मोदी सरकार द्वारा शुरू किया गया डिजिटल एग्रीकल्चरल मिशन चमत्कार साबित हुआ है। इस मिशन ने किसान की परिस्थितयों को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। ई-नाम मंडी के जरिए 1.74 करोड़ से अधिक किसानों को जोड़ा गया। 2.36 लाख ट्रेड पंजीकृत ई-नाम के जरिए किए गए। और 2.22 लाख करोड़ का व्यापार दर्ज किया गया।


उन्होंने बताया प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से 11.37 करोड़ किसान लाभांवित हुए। इन किसानों के खाते में 2.16 लाख करोड़ रूपए जमा कराए गए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना-डिजिटल क्रांति के बाद किसानों को इस योजना में भी काफी लाभ मिला। सैटेलाइट के जरिए किसानों की फसल की देखभाल की गई। कोई विवाद हुआ तो सुलझा लिया गया। 2021-22 में 16 हजार करोड़ रूपए आवंटित हुए। 2016 से 2022 तक 38 करोड़ किसान इस योजना में पंजीकृत किए गए और एक लाख 28 हजार 522 करोड़ रूपए से अधिक क्लेम का भुगतान किया गया। जबकि 25 हजार 185 करोड़ रूपए किसानों द्वारा बीमा प्रीमियम के रूप में दिए गए। किसान उत्पादक संघ के तहत 3855 से भी ज्यादा एफपीओ रजिस्टर्ड किए गए। सॉयल हेल्थ कार्ड के अंतर्गत 22.71 करोड़ कार्ड बनाए गए। 11 हजार 531 टेस्टिंग प्रयोगशालाएँ मंजूर की गई।

उन्होंने बताया प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत यूपीए के समय में 6057 करोड़ थी। इस योजना में करीब 136 फीसदी (15,511) इजाफा किया गया। माइक्रो इरीगेशन फंड के तहत 17.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए 4710.96 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। पांच हजार करोड़ रूपए की प्रारंभिक राशि से नाबार्ड में एक सूक्ष्म सिंचाई कोष बनाया गया है। कार्पस फंड 10 हजार करोड़ रूपए का रखा गया है। इसके अलावा कृषि ऋण प्रवाह यूपीए के समय में 7.3 लाख करोड़ रूपए था जो बढ़कर 18.5 लाख करोड़ रूपए (2022-23) में किया गया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत यूपीए के समय में 6.46 करोड़ किसान थे लेकिन अब 9.28 करोड़ किसान इसका लाभ ले रहे हैं। यूपीए के समय 5 लाख करोड़ बजट था जो अब बढ़कर 16.57 लाख करोड़ है।

खाद सब्सिडी (फर्टिलाइजर) यूपीए के समय में 41,853 करोड़ थी। मोदी सरकार द्वारा 62,151 करोड़ ,यूरिया पर और 40,073 करोड़ नॉन यूरिया पर दी गई। नीम कोटेड यूरिया में नीम कोट से करीब 15 से 20 फीसदी यूरिया की क्षमता बढ़ जाती है। किसान रेल की अवधारणा मोदी सरकार ने शुरू की। इस योजना में 167 रूट्स पर 2359 रेलों के फेरे लगे। और 7.88 लाख टन से ज्यादा है।

विधानसभा चुनाव-2023

# 30 लाख युवा पहली बार डालेंगे वोट, जिनमें 16 लाख से ज्यादा नाम इसी साल जुड़ेंगे, अब तक सबसे ज्यादा



**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव में 18 से 21 साल के 30 लाख युवा वोटर पहली बार वोट करेंगे। यह पहला मौका है जब मतदाता सूची अपडेट किए जाने के लिए चलाई गई मुहिम के तहत 17 लाख नए आवेदन आए हैं, जिनमें 18 साल के 16 लाख 25 हजार युवा हैं। 2018 जनवरी में जुड़े नए युवा मतदाता 10 से 12 लाख के बीच थे। यही ट्रेंड नए जुड़ने वाले मतदाताओं का पूर्व में रहा। प्रदेश में हर साल 4 लाख युवा 18 की उम्र पार करते हैं।

मप्र में 30 लाख से ज्यादा वोटर पहली बार वोट करेंगे जो कुल वोटिंग का 8 से 10 फीसदी होगा। पिछले चुनाव में भाजपा और कांग्रेस बीच हार जीत का अंतर 1 प्रतिशत रहा। उम्मीदवारों में हार जीत 5 से 7 प्रतिशत वोटों के अंतर से हुई। मप्र में वोटर लिस्ट की स्क्रूटनी होना अभी बाकी है। इसके बाद फाइनल मतदाता सूची प्रकाशित होगी। बाद में नाम जुड़वाने और घटाने का यह क्रम अक्टूबर और नवंबर के महीने तक चलता रहेगा। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस की जीत का अंतर 1 प्रतिशत था

2018 विधानसभा चुनाव

### 7 सीटों पर भाजपा 4337 वोटों से पिछड़ी, सरकार बनाने से चूकी

मप्र में पिछले 2018 के विधानसभा चुनावों में 7 सीटें ऐसी थी, जहां भाजपा 4337 वोटों से पीछे रह गई थी और सरकार बनाने से चूक गई थी। बीजेपी को 41.0 प्रतिशत वहीं कांग्रेस को 40.9 प्रतिशत वोट मिले थे। इस चुनाव में बीजेपी का वोट शेयर ज्यादा था, लेकिन कांग्रेस ने 115 सीटें जीती थी। भाजपा को 109 सीटें मिल गई थी।मप्र में 2022 नवंबर की स्थिति में वोटर की संख्या 5,26,16,915 है। 18 साल नए युवाओं के नाम जुड़ने के बाद यह संख्या 1 जनवरी की स्थिति में 5 करोड़ 40 लाख पार कर जाएगी।

# आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं में 710 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों की पद-स्थापना

**भोपाल, ईएमएस।** प्रदेश की आयुष संस्थाओं में रिक्त पदों पर भर्ती का कार्य आयुष विभाग द्वारा तेजी से किया जा रहा है। आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं में 710 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को पदस्थ किया गया है। इसी के साथ 763 पद पर आयुष मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति के लिये लोक सेवा आयोग से परीक्षाएँ सम्पन्न कराई जा चुकी हैं। शीघ्र ही नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। आयुष विभाग में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) के 352 पद के लिये भी परीक्षाएँ सम्पन्न हो चुकी हैं। इनकी पद-स्थापना की कार्यवाही प्रचलन में है। प्रदेश के शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालयों में व्याख्याता के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये प्रस्ताव लोक सेवा आयोग को भेजा जा रहा है। विभाग द्वारा इन पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही जल्द की जायेगी। प्रदेश की आयुष संस्थाओं में रिक्त पैरामेडिकल एवं अन्य श्रेणी के 615 पद पर नियुक्ति के लिये मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन आयोग द्वारा परीक्षाएँ सम्पन्न की जा चुकी हैं। विभाग द्वारा पद-स्थापना की कार्यवाही तेजी से की जा रही है।



# मप्र में आज भी बारिश के आसार, हल्की बूंदाबांदी

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश के कई शहरों में गुरुवार को भी मावठा गिर सकता है। बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन मैंडूस के असर से इंदौर संभाग के अलावा हरदा-बैतूल में अगले 24 घंटे में बूंदाबांदी होने के आसार हैं। इधर, सूरज नहीं निकलने से दिन का तापमान रात के पारे के बराबर आ गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि 16 और 17 दिसंबर को रात के तापमान में गिरावट होगी और ठंड का असर बढ़ जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अरब सागर के पूर्वी मध्य हिस्से में मैंडूस सक्रिय है। दक्षिण पूर्वी और दक्षिण पश्चिमी के साथ बंगाल की खा?ी से नमी आ रही थी। अब अरब सागर से भी नमी मिल रही है। इसके कारण इंदौर, खंडवा, नर्मदापुरम, शहडोल और सागर भोपाल के नवीबाग, दमोह, बैतूल और छिंदवा?ा में बारिश ज्यादा हुई। इन इलाकों में 5 से 6 डिग्री के तापमान की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, पिछले 24 घंटे में बड़वानी, शाजापुर, रायसेन, सागर, सीहोर और उज्जैन जिले के कई हिस्सों में हल्की बौछारें गिरीं। ऐसी ही स्थिति गुरुवार को इंदौर संभाग में बन सकती है।

### यहां हल्की बूंदबांदी के आसार

इंदौर संभाग के धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा के अलावा हरदा और बैतूल में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। बादलों के कारण दिन की अपेक्षा रात का तापमान बढ़ गया है। भोपाल में तो रात का तापमान 16 डिग्री के पार पहुंच चुका है। वहीं, इंदौर में 18, ग्वालियर में 10 और जबलपुर में पारा 14 डिग्री सेल्सियस के पार है। इनके अलावा सिवनी, बैतूल, नर्मदापुरम में 17 से 19 डिग्री के बीच तापमान चल रहा है। कई शहरों में तो दिन और रात के तापमान बराबर हो गए हैं। हालांकि, एक-दो दिन में बादल छंटने के बाद मौसम बदलेगा और ठंड का असर ब? जाएगा।

# मध्यप्रदेश की नई युवा नीति 13 जनवरी को घोषित होगी

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सुशासन समागम को किया संबोधित

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सीएम यंग प्रोफेशनल्स फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम लोकतांत्रिक व्यवस्था में की गई महत्वपूर्ण पहल है। मध्यप्रदेश में युवाओं के सहयोग से सुशासन को जमीन पर लाने का कार्य किया जाएगा। पिछले एक वर्ष से इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रवीन्द्र समागम में सुशासन समागम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश में सुशासन के प्रयासों का विस्तार से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने युवाओं के सवालों और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लोकतंत्र जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए शासन है। हमारा तंत्र काफी बड़ा है। योजनाएँ बनाना सरल है, लेकिन योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुँचाने का कार्य विभिन्न कठिनाइयों से भरा है। इसमें कुछ लोगों द्वारा कोताही के कारण और लाभ उठाने की भावना से अनेक योजनाएँ जमीन पर नहीं उतर पाती। शासकीय तंत्र के अलावा युवा ऊर्जा का उपयोग कर योजनाओं के क्रियान्वयन को आसान बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उनके मन में यह विचार आया है कि युवाओं के सहयोग से योजनाओं की जानकारी प्राप्त की जाए। युवा इस व्यवस्था के शासन के आँख और कान बन रहे हैं। युवाओं द्वारा दी गई जानकारियों के आधार पर जिलों की प्रातःकालीन बैठकें हुई हैं। सही व्यक्ति तक बिना कठिनाई के और बिना विलंब के योजनाओं का लाभ मिल जाए, यही सुशासन है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा युवाओं के लिए भी अनेक योजनाएँ बनाई गई हैं।



व्यवहारिक जीवन में जनता के कष्ट देख कर अनेक योजनाएँ बनाई गई। लाड़ली लक्ष्मी योजना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रारंभ होने की प्रेरणा से लेकर उसके क्रियान्वयन और नए स्वरूप के बारे में विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने युवा उद्यमी योजना और अन्य योजनाओं का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि युवाओं के विचारों को शामिल करते हुए नई युवा नीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। आगामी 13 जनवरी को यह नीति सामने आएगी। इसके पूर्व विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में संगोष्ठी से युवा नीति पर विचार-विमर्श की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आग्रह किया कि इस नीति के निर्माण में अधिकाधिक युवा हिस्सा लें। युवाओं से संबंधित प्रावधानों को युवा नीति में शामिल कर क्रियान्वित किया जाएगा।



# मादा चीतों के बाड़े में छोड़ा जाएगा एक नर चीता... ओबान

**भोपाल,ईएमएस।** नामीबिया से आए सभी चीतों को बड़े बाड़े में छोड़ दिया गया है। बड़े बाड़े में छोड़ जाने के बाद चीते पूरी तरफ से भारतीय माहौल में ढलते दिख रहे हैं। अब एक नर चीता को तीन मादा चीतों के साथ बड़े बाड़े में छोड़ने की तैयारी है ताकि इस महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट को और सफलता मिल सके। बीते 80 वर्षों से भारत की धरती पर चीतों का जन्म नहीं हुआ है। चीता संरक्षण कोष की कार्यकारी निदेशक डॉ लॉरी मार्क ने कहा कि वे प्रजनन शुरू करने लिए नर और मादा चीतों को साथ रखने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि अभी तक यह तय नहीं हुआ है कि एल्टन, फ्रेडी और ओबान में से पहले कौन जाएगा। सूत्रों ने बताया कि प्रोजेक्ट चीता की टीम अब संभावित ब्रीडिंग की रणनीति पर काम कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अभी पार्क की तुलना में ब्रीडिंग के लिए बड़े बाड़े अनुकुल हैं। रविवार को केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कूनो नेशनल पार्क में शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और वन अधिकारियों की एक टीम के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने ट्वीट किया कि यह जानकर खुशी हुई कि सभी 8 चीते अच्छी तरह से अनुकूलन कर रहे हैं और पीएम नरेंद्र मोदी की दृष्टि एक पारिस्थितिक गलत को पारिस्थितिक सद्भाव में बदलने का आकार ले रहा है।

**एल्टन और फ्रेडी में से पहले कौन जाएगा?**

### ये हैं मुश्किलें

हालांकि, चीता प्रजनन की अपनी जटिलताएं हैं। सीसीएफ के एक लेख के अनुसार केवल 20 फीसदी चीता कैद में सफलतापूर्वक प्रजनन करते हैं, आंशिक रूप से अनुवांशिक विविधता में कमी के कारण। इससे यह भी पता चलता है कि चीतों में शुक्राणु की गतिशीलता कम होती है और शिशु मृत्यु दर में वृद्धि होती है। रिसर्च के अनुसार नर बेहतर गुणवत्ता वाले शुक्राणु का उत्पादन करते हैं, जब वे लोगों की नजरों से दूर होते हैं या कम ताकझांक करने वाले लोग होते हैं। सीसीएफ मेरेडिथ हैनल के लेख में यह भी है कि मादा चीता प्रजनन में अधिक सफल होती हैं, जब उन्हें बर्थ प्लेस से दूर किया जाता है।, जहां वे पैदा हुए थे। शिफ्ट होने के बाद वह देखते हैं कि जंगल में उनके लिए क्या है। हैनेल का कहना है कि घर की बड़ी बिल्लियों के विपरीत मादा चीता यह स्पष्ट नहीं करती हैं कि वह कब मिलन के लिए तैयार हैं और वे कई महीनों तक संकेत नहीं देती हैं।

# सीएम हेल्पलाइन ने मृत महिला के बयान ले लिए क्लोजर रिपोर्ट में लिखा- शिकायतकर्ता संतुष्ट है, शिकायत बंद कराना चाहती है

**भोपाल, यशभारत।** सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की जांच करने वाले मृतक से भी बयान ले लेते हैं। पढ़ने में कुछ अजीब लग रहा होगा, लेकिन एक मामले की जांच करने वालों ने ऐसा करके दिखा दिया। हुआ यूं कि सिवनी जिले की एक महिला ने लव मैरिज की थी। शादी के बाद मायके वाले उसे प्रताड़ित करते थे। परेशान होकर उसने पीएम हेल्पलाइन में इसकी शिकायत की। बाद में खुदकुशी भी कर ली। महिला की मौत के तीन साल बाद पीएम हेल्पलाइन ने उसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में ट्रांसफर कर दी। इसके बाद पुलिस महिला के घर पहुंची। जब पता लगा कि महिला की मौत हो चुकी है तो पुलिस ने मामले में खात्मा लगा दिया।इधर, पीएम हेल्पलाइन और सीएम हेल्पलाइन की ओर से पुलिस रिपोर्ट के आधार पर केस बंद करते हुए लिखा गया- 'शिकायतकर्ता की शिकायत का निराकरण कर उसको अवगत करा दिया गया है। शिकायतकर्ता संतुष्ट है। अपनी शिकायत बंद करना चाहती है।' उधर सिवनी एसपी रामजी श्रीवास्तव का कहना है कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। जांच करके समुचित कार्रवाई की जाएगी। भाई वेलफेयर सोसाइटी के फाउंडर मेंबर जकी अहमद ने बताया कि युवती बरखा तिवारी ने प्रियंक तिवारी से 6 फरवरी 2018 को लव मैरिज की थी। बरखा के परिवार वाले इससे खुश नहीं थे। उसे परेशान करने लगे थे। बरखा ने अपनी शिकायत में अपने पिता, दो चाचा, बहन और जीजा का नाम लिखा था। बरखा ने 14 मार्च 2019 में खुदकुशी की थी। इसके बाद मायके वालों ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के संबंध में शिकायत कर दी। इसके बाद पुलिस ने बरखा के पति और सास को जेल भेज दिया। जकी अहमद ने बताया कि तीन साल बाद जिस शिकायत की जांच करने पुलिस पहुंची थी। उस केस में पुलिस ने खात्मा लगाते हुए लिखा है- युवती जांच से संतुष्ट है। वह आगे की कार्रवाई नहीं चाहती। जकी का कहना है कि पुलिस मृतक शिकायतकर्ता (बरखा) से कब और कैसे मिली। यह उनकी समझ से परे है।




# शिक्षा विभाग में 29 हजार पद भरे जाएंगे मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रियों को बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2023 तक एक लाख से अधिक युवाओं को नियुक्तियाँ मिल जाएंगी। अगस्त माह से अब तक शिक्षा विभाग द्वारा 29 हजार पदों के लिए भर्ती का कार्य प्रारंभ कर दिया है जो आगामी मार्च माह तक पूरा होगा। इसी तरह कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 53 हजार 750 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस तरह 82 हजार 750 पदों की पूर्ति के साथ शेष अन्य रिक्त पदों के विज्ञापन भी निरंतर जारी किए जा रहे हैं। इससे जहाँ युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा, वही सरकार के कार्य संचालन और विभागों की गतिविधियों में तेजी आएगी।

# जीजा-साले को रौंदकर भागा वाहन चोरी का आरोपी

## भोपाल में बाइक आगे कर पिकअप को रोकने की कर रहे थे कोशिश

**भोपाल, ईएमएस। पिकअप चुराकर भाग रहे वाहन चोरी के आरोपी ने जीजा-साले को कुचल दिया। आरोपी विदिशा से गाड़ी चुराकर भाग रहा था। वाहन मालिक के बेटे और उसके दामाद को जब भोपाल में चोरी गया पिकअप दिखा तो उन्होंने बाइक से चोर का पीछा किया। दोनों ने पिकअप रोकने के लिए बाइक आगे खड़ी कर दी। वाहन चोर उन्हें रौंदते हुए भाग गया।**

घटना भोपाल के कोकता बायपास हाइवे पर बुधवार सुबह की है। जीजा और साले ने झागरिया के पास पिकअप रोकने के लिए बाइक आगे कर दी। लेकिन वाहन चोर ने गाड़ी की स्पीड कम नहीं की। वह दोनों को कुचलते हुए निकल गया। पुलिस ष्टष्टञ्जङ्क खंगाल रही है।

### पिता का वाहन रात में हो गया था चोरी

टीआई शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि विदिशा जिले के साहेर गांव का रहने वाला राज वंशकार (17) पुत्र राम सिंह वंशकार ग्रेजुएशन कर रहा था। उसके एग्जाम चल रहे हैं। इसी सिलसिले में इन दिनों वह भोपाल में रहने वाले अपने जीजा दीपक बंसल (25) के घर ठहरा था। दीपक भोपाल में रहकर डी-मार्ट में नौकरी करता था। बुधवार सुबह राज को पता चला कि विदिशा में पिता का पिकअप वाहन रात में चोरी हो गया है।सुबह करीब 10~30 दोनों जीजा-साले कोकता ट्रांसपोर्ट नगर इलाके की तरफ घूमने निकले। इसी दौरान राज को चोरी गई पिकअप दिख गई। इस पर वह बाइक से ही गाड़ी का पीछा करने लगे। ट्रांसपोर्ट नगर से करीब 10 किलोमीटर दूर झागरिया गांव तक पहुंचे, लेकिन आरोपी ने गाड़ी नहीं रोकी। इस बीच, वह पिकअप के आगे बाइक कर उसे रोकने लगे, तभी आरोपी ने दोनों को टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि राज को जब ट्रांसपोर्ट नगर के पास गाड़ी दिखी, तो उसने घर पर फोन कर परिजन को बताया। उसने पुलिस को सूचना नहीं दी। आरोपी गाड़ी लेकर पटेल नगर बायपास चौराहे की तरफ लेकर बढ़ गया। पुलिस का कहना है कि यदि सूचना मिलती तो आरोपी पकड़ा जाता। पटेल नगर चौराहे पर पुलिस का पॉइंट है। हर समय चौराहे पर पुलिस तैनात रहती है, जबकि जीजा-साले इसी चौराहे से होकर झागरिया खुर्द गांव तक वाहन चोर का पीछा करते गए हैं।



### तीन बहनों में इकलौता था राज

परिजनों ने बताया कि राज तीन बहनों के बाद सबसे छोटा था। राज के पिता राम सिंह ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं। उनके पास पिकअप वाहन है। वह मंडी बमौरा में गाड़ी लेकर गए थे।

# जनसुनवाई में आए समस्या से जुड़े 122 मामले

## कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्यायें, निराकरण के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश



**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर कार्यालय कटनी के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 13 दिसंबर को कलेक्टर अवि प्रसाद ने नागरिकों की समस्यायें ध्यानपूर्वक सुनी। उन्होंने जनसुनवाई में पहुंचे लोगों के आवेदन लिये और समय-सीमा में निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। जनसुनवाई में कुल 122 आवेदन आये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते ने भी जनसुनवाई में पहुंचे लोगों के आवेदन लिये और उनकी समस्यायें सुनी। मई 2022 से फौती नामान्तरण को राजस्व अभिलेख में दर्ज न हो पानें की शिकायत को लेकर जनसुनवाई में पहुंचे पहाड़ी निवासी श्री नागेन्द्र उपाध्याय द्वारा कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के समक्ष अपनी समस्या रखी गई। जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नायब तहसीलदार पहाडी से तत्काल सुनवाई कक्ष से दूरभाष पर चर्चा की जाकर आवेदक के शिकायत के संबंध में अवगत कराया और समस्या का निराकरण करानें के निर्देश प्रदान किये। निर्देश के परिपालन में नायब तहसीलदार द्वारा फौती नामान्तरण को राजस्व अभिलेख में ऑनलाइन दर्ज करानें की कार्यवाही की गई। इसके बाद 15 मिनट के भीतर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा फौती नामान्तरण की प्रति नागेन्द्र उपाध्याय को देकर उन्हे बधाई दी।

### अस्थिबाधित दिव्यांग गंगाराम के पास पहुंचकर सुनी समस्या

जनसुनवाई के दौरान पहुंचे ग्राम पंचायत भुडसा निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग गंगाराम कुशवाहा को देखते ही कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने संवेदनशीलता दिखाते हए स्वयं गंगाराम के पास पहुंचे और उनसे यहां आने का कारण पूछा। गंगाराम ने बताया कि मैं गांव मे ही सायकल पंचर का व्यवसाय करना चाहता हूँ, इसलिए मुझे दुकन खोलने थोड़ी जगह चाहिए। इस पर कलेक्टर ने तत्काल तहसीलदार को निर्देशित किया कि गंगाराम को दुकान हेतु स्थान दिलवाएं।

### ओमप्रकाश का हुआ आधार पंजीयन

ग्राम पंचायत बंधी स्टेशन से आधार कार्ड बनवाने की आास में पहुॅचे ओम प्रकाश सिंह की बात को गंभीरता से सुनने के बाद कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिला प्रबंधक ई- गवर्नेस सौरभ नामदेव को आधार कार्ड बनने में आ रही दिक्कत को दूर कर ओम प्रकाश का आधार कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। इस पर श्री नामदेव ने त्वरित पहल कर ओम प्रकाश सिंह का आधार पंजीयन करवाया। इससे अब ओम प्रकाश को आधार कार्ड नहीं होने से जिन शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था अब बडी सहजता से सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। जनसुनवाई में ग्राम बैरागढ़ की बुजुर्ग महिला ने अपनी समस्यायें बताई कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विधवा पेंशन का लाभ प्रदाय करनें हेतु नियमानुसार बी.पी.एल कार्ड बनवानें हेतु कहा। सरस्वती देवरी बाई द्वारा शेड निर्माण की शिकायत को सुना जाकर मनरेगा से शैड का निर्माण कराये जाने हेतु सी.ई.ओ जिला पंचायत को निर्देश प्रदान किये गए। आवेदक धनीराम चौधरी निवासी महाराणा प्रताप वार्ड द्वारा सीमांकन कराये जाने के संबंध में आवेदन किये जाने पर बैठक में उपस्थित एस.एल.आर को नियमानुसार कार्यवाही करानें, पेशन संबधी प्रकरण पर जिला पेंशन अधिकारी को ज्वाइंट डायरेक्टर जबलपुर से पत्राचार कर समस्या का निराकरण करानें बहोरीबंद की बंद ट्रांसफार्मर को बदलनें की मांग पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को जबलपुर से उपलब्धता होने के पश्चात 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदलनें के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, अतिक्रमण हटवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त का लाभ प्रदान कराने, पोल्टी फार्म बनवाने, राजस्व रिकार्ड में धोखाघडी की जांच कराने, चिकित्सा सहायता राशि प्रदाय कराने, आधार कार्ड बनवानें से संबंधित आवेदन दिये। इन आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान पी.ओ डूडा अभय मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल, नगर निगम उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, ई गर्वनेस अधिकारी सौरभ नामदेव सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।



# क्षेत्र का भविष्य गढ़ने होंगे हरसंभव प्रयास

### महाविद्यालय का किया निरीक्षण

**सिलौंड़ी, यशभारत।** राज्य शासन द्वारा शासकीय महाविद्यालय सिलौंड़ी की नवनियुक्त जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमति प्रगति राय ने महाविद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान महाविद्यालय की मूलभूत आवश्यकता, परिसर के निर्माण का जायजा लिया साथ ही छात्र छात्राओं के अध्यापन में सुगमता हेतु विचार भी माँगे। गुरुजनों एवं छात्र छात्राओं ने बताया कि लैब में प्लेटफार्म की महती आवश्यकता है, प्रायोगिक क्रियाविधि में असुविधा होती है, छात्रों की इस मांग को सुश्री राय ने शीघ्र अतिशीघ्र पूरा कराने आश्वस्त कराया इस अवसर पर एसडीओ शरद चोलकर, कनिष्ठ यंत्री, प्राचार्य रतिराम अहिरवार सहित विभागीय जन एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## क्षय रोगियों के लिए पौने दो लाख का चेक

**कटनी, यशभारत।** कटनी लाइम स्टोन एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने



मंगलवार को कलेक्ट्रेट में कलेक्टर अवि प्रसाद को क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार प्रदान करने के उद्देश्य से 1 लाख 63 हजार 800 रुपये का चेक भेंट किया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों की समाज हितैषी सोच की सराहना करते हुए अन्य लोगों को भी आगे बढ़कर जरूरतमंद क्षय रोगियों की मदद के लिए हाथ बढ़ाने की अपील की है। लाइमस्टोन एसोसिएशन ने जिले के 39 क्षय रोगियों को गोद लेकर उनके पौष्टिक आहार की व्यवस्था हेतु प्रति क्षय रोगी 4200 रुपये के मान से 1 लाख 63 हजार 800 रुपये की राशि जिला रेडक्रास समिति को प्रदान की है।

### उद्योगपति सुमित अग्रवाल ने दिए 2 लाख

कलेक्टर अवि प्रसाद को उद्योगपति सुमित अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट पहुॅचकर टी.बी.रोगियों को पौष्टिक आहार देने के लिए जिला रेडक्रास समिति के नाम दो लाख रूपये का चेक प्रदान किया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सुमित अग्रवाल को टी.बी. उन्मूलन के नेक कार्य में नि-क्षय मित्र बनकर सहभामिता निभाने की सराहना की। श्री प्रसाद ने समाज के संभ्रांत जनों और समाजिक संस्थाओं से क्षय रोग उन्मूलन कार्य में आगे बढ़कर योगदान देने और जिले को क्षय रोग मुक्त बनाने की दिशा मे सार्थक प्रयास करने का आव्हान किया है।



# घरेलू नौकरों एवं किरायेदार की सूचना पुलिस थाने में देनी होगी

**कटनी, यशभारत।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी रोमानुस टोप्पो ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन न होने और निजी व सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा की दृष्टि से कटनी जिले मे दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मंगलवार को जारी किया गया आदेश पुलिस अधीक्षक से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर जारी किया गया है। जिसमें उच्च न्यायालय में लंबित याचिका का उल्लेख करते हुए नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन न हो और यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की हिंसक गतिविधि या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार घरेलू नौकरों और किरायेदारों की सूचना संबंधित पुलिस थाना में देने के उपरांत ही रखा जाये। साथ ही होटल, लॉज, धर्मशाला में रूकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लिया जाये एवं ठहरने वाले व्यक्तियों के विवरण कार्यपालिक मजिस्ट्रेट व पुलिस के चाहने पर तत्काल उपलब्ध कराना होगा। जिले मे तत्काल प्रभाव से लागू इस आदेश के उल्लंघन होने पर भारतीय दण्ड प्रकिया संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही कार्यवाही की जायेगी।





# नहर को बंद कराकर मरम्मत का कार्य प्रारंभ

**कटनी, यशभारत।** कार्यालय कलेक्ट्रेट कटनी मे माइनर नहर फूटी खेतो में भरा पानी की जानकारी प्राप्त हुई कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग जिला कटनी को निर्देशित किया जिसके संबंध में कटनी जिले के बहोरीबंद विकासखण्ड अंर्तगत इस संभाग का निर्मित रामपाटन जलाशय की माइनर नहर फूटने से खेतों में पानी भर जाने की शिकायत संदर्भित न्यूज पेपर के माध्यम से की गई है। जिसके संबंध में लेख है कि कृषकों के मांग के अनुसार रबी फसल बोनी हेतु जलाशय की नहर से पानी छोडा गया है, जलाशय की नहरें कच्ची (मिट्टी की)एवं पुरानी होने के कारण पानी छोडे जाने पर माइनर नहर फूट गई, जिस कारण से कृषकों द्वारा शिकायत की गई है। नहर को बंद करवा कर मजदूरों के माध्यम से संबंधित नहर का मरम्मत कार्य कराया गया एवं निरंतर कार्य चल रहा है। कमाण्ड क्षेत्र के कृषकों द्वारा रबी फसल की बोनी हेतु पानी की आवश्यतकता प्रकट की गई है,जिसके कारण 2 चूड़ी खोलकर नहर में पानी पुनरू सिंचाई हेतु प्रदाय किया जा रहा है। कार्य से कृषक संतुष्ट है।

# करदाताओं ने 9 लाख से अधिक का सम्पत्ति टैक्स चुकाया

### हर वार्ड में शिविर लग रहे शिविर, नगर निगम के कोष में जमा हो रही लाखों की राशि



**कटनी, यशभारत।** नगर पालिक निगम जनता महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी के मार्ग दर्शन में आमजनों को ननि के टेक्स सुविधा से जमा करने के लिए वार्ड दर वार्ड शिविर लगाकर नागरिकों को उनके वार्ड में ही संपत्ति कर जमा करने के अवसर दिए जाने से जहां नागरिकों के समय की बचत हो रही है वहीं ननि के टेक्स भी समय से जमा हो रहे हैं पिछले छः दिनों में कर संग्रहण की कुल राशि 9 लाख 4 हजार रूपये तक रही आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 शिवनगर अग्रहरि तिराहा में आयोजित शिविर में संपत्ति कर वसूली में 27 भवनो से 54 हजार, वार्ड क्रमांक 6 गाटरघाट सब्जी मंडी में 41 भवनों से 62 हजार, वार्ड क्रमांक 8 शेर चौक जालपा वार्ड में 53 सम्पत्तिधारकों से 1 लाख 57 हजार, वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 गर्ग चौराहा में 54 धारकों के माध्यम से 1 लाख 67 हजार, वार्ड क्रमांक 10 आदर्श कालोनी जयप्रकाश वार्ड में 45 करदाताओं के माध्यम से 1 लाख 75 हजार, वार्ड क्रमांक 19,20 एवं 35 एन.के.जे. बजरिया में 143 सम्पत्ति धारकों के माध्यम से 2 लाख 89 हजार रूपये का राजस्व (कर) ननि कोष में संग्रहित हुआ। जागेश्वर प्रसाद पाठक, राजस्व अधिकारी जनता महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने आम जनता से अपील की है कि निगम प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर में संपति कर जमा कर सहयोग प्रदान करें।



# सिंगल यूज प्लास्टिक की सामग्री का नहीं किया गया उपयोग

**कटनी, यशभारत।** शहर स्वच्छ व सुंदर रखने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से आम जन को शहर की स्वच्छता बनाने में सहयोग करने प्रेरित करने नवाचार किए जा रहे हैं, वर्तमान में शादी समारोह का दौर चल रहा है एवं समारोह के दौरान उपयोग होने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना हो इसको लेकर नगर निगम द्वारा जीरो वेस्ट इवेंट के लिए होटल धर्मशाला व विवाह स्थलों के संचालकों को प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है जनता महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी, जिला प्रशासक के मार्गदर्शन एवं निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नवाचार की शुरुआत ऑडिटोरियम एवं मॉडल रिसोर्सेज लर्निंग सेंटर से की गई जहां पर जीरो वेस्ट समारोह का आयोजन किया गया। शहर के नागरिकों को स्वच्छता का संदेश देते हुए आगे भी इसी तरह के समारोह आयोजित कर शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने के लिए अधिकारियों ने प्रेरित किया। ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के गृह प्रवेश एवं भूमि पूजन के कार्यक्रम में सिंगल यूज़ प्लास्टिक से बनी किसी भी सामग्री का उपयोग नहीं किया गया, अपितु वुडन प्लेट मिट्टी के बर्तन कांच के ग्लास स्टील के बर्तन यूज होने वाले प्लास्टिक के बर्तन व पेपर से निर्मित सामग्री का उपयोग किया गया।



# राज्यसभा सांसद ने मां लक्ष्मी गौसेवा समिति के सदस्यों को किया सम्मानित

**कटनी, यशभारत।** युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं शुभारंभ कार्यक्रम में कटनी पहुंचे राज्यसभा सांसद विवेक तनखा ने माँ लक्ष्मी गौसेवा समिति के सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होंने गौसेवा के लिये उचित स्थान देने का आश्वासन भी दिया। सतीश सोनी ने कहा कि यह सम्मान संस्था से जुड़े हुए सभी सदस्यों का है, जिन्होंने सामाजिक कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सेवायें दी है। भविष्य में भी संस्था के द्वारा ऐसे ही मानव सेवाएं पशु सेवा एवं अन्य सामाजिक सेवा का कार्य सभी के सहयोग से निरंतर जारी रहेगा। संस्था के सभी सदस्यों ने राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा का आभार व्यक्त किया।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

## अच्छे परिणामों के लिए अभ्यास आवश्यक-कमल सरेचा

# सायना में छाऊ लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति







**कटनी, यशभारत।** सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी में अपने बच्चों को विरासत से जोड़ने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति को भी महत्व दिया जाता है और इस कार्य में स्पीक मैके का सहयोग सोने पर सुहागे का काम करता है। इसी कड़ी में पश्चिम बंगाल से आये लोक कलाकारों ने छाऊ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से सबको आकर्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सायना ग्रुप के एमडी वरुण गौतम, विशिष्ट अतिथि मैनेजमेंट प्रतिनिधि ऋषि अरोरा, समन्वयक डॉ लोकेश दुबे एवं श्रीमती रीत मोंगा द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह लोकनृत्य पौराणिक कथाओं पर आधारित होता है जिसमें समर्पण के साथ अद्भुत तालमेल देखने को मिला। लोकनृत्य के माध्यम से महिषासुर मर्दिनी के युद्ध दृश्य ने सबको रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के अंत में लोक कलाकारों को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए समन्वयक कमल सरेचा ने कहा कि तालमेल के साथ लगन पूर्वक किया गया अभ्यास ही ऐसी प्रस्तुति दे सकता है। कार्यक्रम के संयोजक जेएसके लाल व श्रीमती श्वेता पाण्डे ने आगंतुको का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सहाना बासू के मार्गदर्शन में श्रीशा तिवारी ने किया।



# कलेक्टर ने सीएम राइज मॉडल स्कूल का किया निरीक्षण

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा सी.एम. राईज मॉडल हायर सेकेंड्री स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर अवि प्रसाद ने शाला स्टॉफ के साथ कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे मुलाकात की एवं उपस्थित स्टॉफसे भोजन एवं लंच के समय के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर श्री प्रसाद बड़े ही सहज भाव से बच्चों से मिले और बड़े लाड़ और दुलार से बच्चों से पढाई के बारे मे जानकारी ली। उन्होने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करनें के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह एवं शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।



# बवाल, आगजनी और गुंडागर्दी... फ्रांस से हारते ही मोरक्को के फैंस का सड़कों पर तांडव, पुलिस से पंगा

ब्रसेल्स, उजेंसी। फीफा वर्ल्ड कप 2022 की दोनों फाइनलिस्ट टीमें मिल चुकीं हैं। अब रविवार को अर्जेंटीना और डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस के बीच खिताबी जंग होगी। बुधवार कल देर रात खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में हारकर बाहर होने वाली मोरक्को टीम के फैंस अपना आपा खो बैठे हैं। फ्रांस से 0-2 से हारने के बाद ब्रसेल्स में मोरक्कन फैंस पुलिस से भिड़ गए। मोरक्को के झंडे में लिपटे 100 से ज्यादा प्रशंसकों ने ब्रसेल्स साउथ स्टेशन के पास दंगा गियर पहने पुलिस पर पटाखे और अन्य सामान फेंके। प्रशंसकों ने कचरे के थैलों और गत्ते के बक्सों को आग के हवाले कर दिया और पुलिस ने पानी की तोप और आंसू गैस के गोले छोड़े।



## फ्रांस ने 5वें मिनट में ही खेल कर दिया, डिफेंडिंग चैंपियन के आगे ध्वस्त हुआ मोरक्को की दीवार

दोहा, एजेंसी। फीफा विश्व कप 2022 के दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस की टीम ने मोरक्को के खिलाफ धमाकेदार शुरुआत की। पहले हाफ के पांचवें मिनट में ही गोल दागकर मोरक्को को हैरान कर दिया। फ्रांस के लिए यह गोल थियो हर्नांडेज ने किया। हर्नांडेज ने मोरक्को के गोलकीपर यासीन बुनौ को नजदीक से छकाते हुए गोल दाग दिया। मोरक्को की टीम इस विश्व कप में पहली बार किसी मैच में 0-1 से पीछे हुई है। इससे पहले मोरक्को की टीम पांच खेल चुकी है जिसमें उसे चार में जीत मिली जबकि एक मैच ड्रॉ रहा था। टूर्नामेंट में मोरक्को के गोलकीपर यासीन बुनौ के अब तक के खेल को देखे तो वह बहुत ही शानदार रहा था लेकिन फ्रांस के खिलाफ यासीन हर्नांडेज के आक्रमण को बुनौ नहीं रोक पाए और उनकी टीम 0-1 से पिछड़ गई।

### एक्शन में पुलिस

इंटरनेशनल समाचार एजेंसी के मुताबिक पुलिस ने कई प्रशंसकों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हालात काबू में कर लिया गया है। कहीं कोई गंभीर वारदात नहीं हुई।

### पेरिस में भी काटा गदर

मोरक्कन फैंस का उत्पात फ्रांस की राजधानी में भी देखने को मिला। यहां अपनी टीम की जीत के बाद जश्न मनाने उतरे फ्रांसीसी फैंस से मोरक्को प्रशंसक भिड़ गए। फ्रांस में बड़ी संख्या में मोरक्को के प्रवासी रहते हैं।

### वाटर कैनन का इस्तेमाल

हालात बिगड़ते देख पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। आंसू गैस छोड़े गए। मैच के तुरंत बाद फ्रांस के कई शहरों को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

### गृह मंत्री को भी सामने आना पड़ा

इस बवाल के बाद फ्रांस के गृह मंत्री को बयान जारी करना पड़ा। उन्होंने कहा, फ्रांसीसी फैंस की तरह मोरक्को के चाहने वाले भी हमारे ही लोग हैं। जीत की खुशी और हार का गम मनाने को हर कोई स्वतंत्र है, लेकिन मेरी अपील है कि कानून हाथ में न लिया जाए।

### बवाली है मोरक्को फैंस

मोरक्को अफ्रीकी देशों की पहली टीम बनी थी, जिसने फीफा विश्व कप में सेमीफाइनल तक सफर तय किया था। इससे पहले 10 दिसंबर को पुर्तगाल को टूर्नामेंट से बाहर करने के बाद भी पेरिस में जमकर बवाल किया गया था।

### दमदारी से खेला मोरक्को

मैच के बाद, मोरक्को के कोच रेगरागुई ने कहा कि उनकी टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सेमीफाइनल की हार फीफा वर्ल्ड कप 2022 के अभियान के दौरान अपनी वीरता को कम नहीं कर सकती।

### फ्रांस के डिफेंडर को नहीं भेद पाया मोरक्को

पहले हाफ के पांचवें मिनट में ही गोल खाने के बाद मोरक्को की टीम ने लगातार मैच में वापसी की लेकिन वह फ्रांस के डिफेंस को नहीं भेद पाई। हाफ टाइम के करीब पहुंचने के बाद मोरक्को के खिलाड़ियों ने गोल के कुछ मौके जरूर बनाए लेकिन किस्मत उनके साथ नहीं थी।

### टूर्नामेंट में मोरक्को ने जीते हैं चार मैच

सेमीफाइनल से मोरक्को की टीम ने पांच मैचों में अपना दमखम दिखाया है, जिसमें उसे चार मुकाबलों में जीत मिली है जबकि उसका एक मैच ड्रॉ रहा। मोरक्को ने ग्रुप स्टेज और क्वार्टर फाइनल जैसे मैचों में बेल्जियम, स्पेन और पुर्तगाल जैसी टीम को पटखनी दी है। वहीं मोरक्को पहली ऐसी अफ्रीकी टीम है जो फीफा विश्व कप के फाइनल में पहुंची। ऐसे में यहां तक पहुंचना भी इस टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## फाइनल की रेस से बाहर होकर भी इतिहास रच गया मोरक्को, हाइलाइट्स

कतर में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में मोरक्को की टीम को पहली हार का भी सामना करना पड़ा है। इससे पहले मोरक्को की यह अजेय रही थी। सेमीफाइनल से पहले मोरक्को की टीम पांच मैच खेल चुकी थी जिसमें से उसे चार जीत में जीत मिली थी जबकि उसका एक मैच ड्रॉ पर छूटा था। सेमीफाइनल से पहले मोरक्को की टीम ने बेल्जियम, स्पेन और पुर्तगाल जैसी मजबूत टीमों को मात दी थी।फीफा विश्व कप में मोरक्को पहली ऐसी अफ्रीकी देश है जिसने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। इससे पहले अफ्रीका से आने वाला कोई देश फीफा विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह नहीं बना पाया था। हालांकि मोरक्को से पहले कैमरून (1990), सेनेगल (2002) और घाना (2010) की टीम भी फीफा विश्व कप के क्वार्टर तक पहुंची है लेकिन यहां उनका सफर आगे नहीं बढ़ पाया था। ऐसे में सेमीफाइनल मे हारकर भी मोरक्को की टीम ने फुटबॉल जगह में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है।

## लियोनेल मेसी फीफा वर्ल्ड कप फाइनल के बाद ले लेंगे संन्यास? क्रोएशिया को हराने के बाद दिया बड़ा बयान

दोहा- महान खिलाड़ियों में से एक अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने पुष्टि की है कि कतर में रविवार को होने वाले फाइनल में वह अपना आखिरी फीफा विश्व कप मैच खेलेंगे। मेसी ने अर्जेंटीना को मंगलवार को सेमीफाइनल में क्रोएशिया पर 3-0 से जीत दिलाई और रविवार को अपना 172वां मैच खेलेंगे। वह 1986 के बाद से देश को अपना पहला विश्व कप खिताब दिलाने के लिए जान लड़ा देंगे। मेसी ने अर्जेंटीना के मीडिया आउटलेट डियारियो डेपोर्टिवो ओले से कहा- मैं यहां तक पहुंचने के बाद बहुत सुखद महसूस कर रहा हूं। फाइनल में अपना आखिरी गेम खेलकर अपनी विश्व कप यात्रा समाप्त कर करूंगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने कहा- अगले वर्ल्ड कप के लिए काफी समय है। मुझे नहीं लगता कि मैं दोबारा ऐसा कर पाऊंगा। इस तरह खत्म करना सबसे अच्छा है। 35 वर्षीय डिएगो माराडोना और जेवियर माशेरानो (4-4 वर्ल्ड कप) को पीछे छोड़ते हुए एक फीफा वर्ल्ड कप में अपना 5वां विश्व कप खेल रहे हैं। कतर में अपने पांचवें गोल के साथ उन्होंने गेब्रियल बतिस्तुता को विश्व कप में ससे अधिक गोल दागने के मामले में पीछे छोड़ दिया। यह उनका वर्ल्ड कप इतिहास का 11वां गोल रहा, जबकि ग्रेबियल के नाम 10 थे। मेसी ने कहा- यह सब ठीक है और अच्छा है (रिकॉर्ड्स), लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम के लक्ष्य को पाने में सक्षम होना है। यह सबसे खूबसूरत चीज होती है। हम कड़ी मेहनत करने के बाद अब खिताब से बस एक कदम दूर हैं और हम इस बार ऐसा करने के लिए सब कुछ करने को तैयार हैं। मंगलवार की जीत के बाद अर्जेंटीना की सड़कों पर हजारों फैंस ने खूब जश्न मनाया।



# आलिया भट्ट को सूझी खुराफात

## रणबीर और श्रद्धा की फिल्म का बताया ऐसा फनी नाम, सुनते ही छूट जाएगी हंसी

**मुंबई, एजेंसी।** आलिया भट्ट इस वक्त मैटरनिटी लीव पर हैं और बेटी के साथ अपने इस खूबसूरत पलों को खूब इंजॉय कर रही हैं। आलिया इस वक्त चर्चा में किसी और वजह से भी हैं। दरअसल रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की जिस अनटाइटल्ड फिल्म को लेकर फैन्स काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं, आलिया ने इस फिल्म का अजीब नामकरण कर दिया है। आलिया ने फिल्म के नाम को लेकर जो अनुमान लगाया है वो काफी फनी है। आलिया ने रणबीर की इस अपकमिंग फिल्म का नाम गेस किया है। दरअसल Shraddha Kapoor ने इंस्टाग्राम पर रणबीर के साथ अपनी अगली फिल्म का पोस्टर शेयर किया। पोस्टर पर फिल्म का नाम का शॉर्टकट (TJMM) नजर आ रहा था और श्रद्धा ने सबसे इस फिल्म का नाम गेस करने को कहा। पोस्टर को देखकर लोगों का उत्साह काफी बढ़ गया। श्रद्धा ने जैसे ही यह पोस्टर शेयर किया तो फैन्स ने भी ञ्छ्वरूरूको लेकर कई नाम सुझाए, लेकिन इस बीच Alia Bhatt ने जो नाम रखा है वह काफी फनी और मजेदार है।

### आलिया कपूर ने लिखा- टिंगल जिंगल मिंगल मिंगल?

आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए पूरा नाम बताया है। आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपना पोस्ट शेयर किया है और लिखा- श्रद्धा कपूर और टाइटल है टिंगल जिंगल मिंगल मिंगल? इस नाम के साथ आलिया ने एक इमोजी भी शेयर की।

### फिल्म अगले साल होली पर होगी रिलीज

बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन लव रंजन कर रहे हैं और टी-सीरीज़ ने इसे प्रड्यूस किया है। रणबीर और श्रद्धा की यह फिल्म अगले साल 8 मार्च 2023 को रिलीज हो रही है। इस फिल्म की शूटिंग विदेशों में अलग-अलग जगहों पर हुई है और पहली बार रणबीर और श्रद्धा साथ नजर आएंगे।



## शतक से चूक कर भी खुश हैं पुजारा, खेल के पहले ही दिन बता दिया बांग्लादेश की आएगी शामत

**चटगांव, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में शुरुआती विकेट गंवाने के बाद चेतेश्वर पुजारा ने बेहतरीन 90 रनों की पारी खेली। हालांकि वह अपने शतक से चूक गए लेकिन वह अपने खेल से निराश नहीं हैं। उनका कहना है कि वह इस 'मुश्किल पिच' पर 90 रन की पारी से भी खुश हैं क्योंकि खेल के हर दिन यहां की और ज्यादा बदतर होगी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत में ही अपने तीन विकेट दिये थे जिसके बाद पुजारा ने श्रेयस अय्यर (नाबाद 82 रन) के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिये 149 रन की साझेदारी निभायी। ऑल राउंडर अक्सर पटेल के जल्दी आउट होने से स्टंप तक भारत ने छह विकेट पर 278 रन बनाए। पुजारा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह बल्लेबाजी के लिये आसान पिच नहीं है इसलिये मैंने आज जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे मैं सचमुच खुश हूं। कभी कभार आप तीन अंक के आंकड़े से कहीं ज्यादा टीम को जीत की स्थिति तक पहुंचाने की कोशिश करते हो। हालांकि पुजारा करीब चार साल से शतक नहीं जड़ पाए हैं। उन्होंने कहा, मैं आज की पारी से खुश हूं, शतक नहीं बना पाने से परेशान नहीं हूं। मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं और अगर मैं इसी तरह से खेलता रहा तो यह (शतक) भी जल्द ही बन जाएगा। पुजारा को लगता है कि जाहुर अहम चौधरी स्टेडियम की पिच पर नतीजा निकलेगा जिसमें स्पिनरों की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि इसमें परिणाम निकलेगा और हमें रन बनाने होंगे। श्रेयस के साथ मेरी साझेदारी अहम थी, ऋृषभ पंत के साथ भी क्योंकि हमने तब तीन विकेट गंवा दिये थे। उनका मानना है कि पहली पारी में 350 रन का स्कोर भी निर्णायक साबित हो सकता है। पुजारा ने कहा, अगर हमने दिन में चार या पांच विकेट ही गंवाये होते तो बेहतर होता। मुझे अब भी लगता है कि पहली पारी में 350 रन का स्कोर इस पिच पर अच्छा स्कोर होगा क्योंकि इस पर टर्न है और हमारे पास तीन स्पिनर हैं। उन्होंने कहा, पिच आगे खराब ही होगी।



## तवांग में चीनी सैनिकों की कुटाई का वीडियो छाया, बॉलीवुड सिलेब्स का सीना गर्व से हुआ चौड़ा

**मुंबई, ईएमएस।** अनुपम खेर से लेकर विवेक अग्निहोत्री तक ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें भारतीय सैनिक, चीनी सैनिकों को लाठी-डंडों से खदेड़ते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, ये वीडियो तवांग का है या नहीं, इसको लेकर अभी तक आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल, ये वीडियो इंटरनेट पर छाया हुआ है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारतीय जवानों और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हो गई। तबसे ही ये मामला देश में गरमाया हुआ है। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। इसमें भारतीय जवान, चीनी सैनिकों को घेरकर लाठी-डंडे से पीटते हुए दिख रहे हैं। ये देखने के बाद आम जनता से लेकर बॉलीवुड सिलेब्स तक गर्व से फूले नहीं समा रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। हालांकि, ये वीडियो तवांग का है या नहीं, इसको लेकर अभी तक आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

## युवराज से लड़ने वाले एंड्रयू फ्लिंटॉफ के जान पर आई आफत, TV शो की शूटिंग के दौरान भयंकर एक्सीडेंट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ को बीबीसी शो च्टॉप गियरज् के एक एपिसोड की शूटिंग के दौरान एक कार दुर्घटना के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह एक्सीडेंट तब हुई जब 45 वर्षीय फ्लिंटॉफ सरे के डंसफोल्ड पार्क एयरोड्रम में बर्फीले हालात में शूटिंग कर रहे थे। बीबीसी ने एक बयान में कहा गया, च्फ्रेडी आज सुबह टॉप गियर परीक्षण ट्रैक पर एक दुर्घटना में घायल हो गए - क्रू मेडिक्स तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। बयान में कहा गया- उन्हें आगे के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है और हम आने वाले समय में अधिक जानकारी देंगे।। द सन के अनुसार फ्लिंटॉफ खतरे से बाहर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह दुर्घटना तक हुई जब वह बर्फीले ट्रैक पर सामान्य रूप से गाड़ी चला रहे थे और गति अधिक तेज नहीं थी। एक सूत्र ने द सन को बताया- शूटिंग के लिए भी सभी सामान्य स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय किए गए थे। च्फ्रेडी को कुछ ही देर बाद एयर एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। शूटिंग स्थगित कर दिया गया है और सभी को फ्रेडी के ठीक होने की परवाह है। उल्लेखनीय है कि 2019 में टॉप गियर के एक और एपिसोड की शूटिंग के दौरान फ्लिंटॉफ 125 मील प्रति घंटे की रफ्तार से कार चलाते वक्त चोटिल हो गए थे। हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने शूटिंग जारी रखी थी। उन्होंने उस समय कहा था- मैं टॉप गियर ड्रैग रेस में अच्छा प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए बहुत कुछ करता हूं, लेकिन इस अवसर पर, मैं कुछ हद तक आगे बढ़ गया। जब आप इसे टीवी पर देखेंगे तो यह खतरनाक से ज्यादा हास्यास्पद लगेगा।

## सुकेश केस में निक्की ने तोड़ी चुप्पी लोग बोले- ऐड़ा बनकर पेड़ा खा रही

**मुंबई,ईएमएस।** बिग बॉस 14 में नजर आई निक्की तंबोली इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। उनका नाम सुकेश चंद्रशेखर मामले में सामने आया था। बताया गया था कि कॉनमैन से उनको लाखों रुपये और महंगे गिफ्ट्स मिले थे। अब एक इवेंट में उनसे इस केस में बात की गई और उस पर एक्ट्रेस ने क्या कहा, सुनिए।

**निक्की तंबोली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल-** कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर का मामला पिछले कुछ दिनों से तूल पकड़े हुए है। नोरा फतेही और जैकलीन फर्नांडिस के अलावा इसमें निक्की उर्फ निकिता तंबोली और चाहत खन्ना का भी नाम सामने आया था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि दोनों ने सुकेश से महंगे गिफ्ट्स लिए हैं। साथ ही वह उनसे मिलने के लिए तिहाड़ जेल भी गई थीं। अब इस मामले पर निक्की ने चुप्पी तोड़ी है। पपाराजी से बात करते हुए उन्होंने सुकेश चंद्रशेखर केस पर चंद शब्द कहे हैं। सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग केस में निक्की तंबोली का नाम आया था। अब एक इवेंट के दौरान उनसे मीडिया ने इस विवाद के बारे में पूछा तो एक्ट्रेस ने कहा- मुझको जिसे जो बोलना है मैं उसे ही बोलूंगी। देखिए सबके लाइफ में उतार-चढ़ाव आते हैं। सबको पता है कि उससे कैसे डील करना है। मैं दुनिया को नहीं बताना चाहती कि मैं कैसे डील करती हूं। अब इस वीडियो में निक्की ने साफ-साफ कुछ नहीं कहा लेकिन बहुत कुछ बयां कर दिया। उनकी बातों से ये तो साफ है कि वह जो दावे हो रहे हैं, वो सच्चे हैं। बता दें कि निकिता तंबोली ने बताया था कि उन्हें सुकेश की सहयोगी पिंकी ईरानी ने मिलवाया था। लेकिन नाम सही नहीं बताया था, बल्कि कहा था कि ये शेखर हैं। पहले 2018 में मुलाकात हुई और 1.5 लाख रुपये मिले। इसके बाद वह उनसे मिलने के लिए तिहाड़ जेल गईं। जहां से उन्हें 2 लाख रुपये और एक ञ्छ्वद्ध का बैग मिला था। लेकिन जब भी उनसे इस बारे में पूछा गया, उन्होंने न तो साफ हां कहा और न ही ना कहां। खैर। अब इस वीडियो के सामने आने के बाद लोगों ने रिएक्ट किया।निक्की तंबोली के स्टेटमेंट पर एक यूजर ने लिखा- देखो कितनी मासूम है ये।

## अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता की ओवर ऑल चैम्पियनशिप इंदौर ने जीती

**जबलपुर, यशभारत।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित 44 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता की ओवर ऑल चैम्पियनशिप इंदौर क्षेत्र ने जीत ली, जबकि भोपाल क्षेत्र प्रतियोगिता में उपविजेता रहा। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने विजेता, उपविजेता टीम के साथ खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव अनिल कुमार अलंग, आलोक श्रीवास्तव व देवेन्द्र चढ़ोकार सहित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी उपस्थित थे। इंदौर क्षेत्र ने प्रतियोगिता में कैरम, शतरंज व टेनिक्काइट स्पर्धा में श्रेष्ठता दिखाई जबकि टेबल टेनिस में उपविजेता रही। कैरम के एकल में विजेता इंदौर की माधवी गणपते, उपविजेता इंदौर की प्रियंका गुर्जर कुर्मी व तृतीय स्थान पर भोपाल की वर्ष निमजे रहीं। कैरम युगल में इंदौर की माधवी गणपते व प्रियंका गुर्जर कुर्मी विजेता, ग्वालियर की रेणुका शर्मा व सोनिया जैन उपविजेता व तृतीय स्थान पर भोपाल की वर्षा निमजे व प्रियंका कटारिया रहीं।



शतरंज की टीम स्पर्धा में विजेता इंदौर, उपविजेता ग्वालियर व तृतीय स्थान पर श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीम रही। शतरंज के व्यक्तिगत मुकाबले में विजेता श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की रत्ना कलम, उपविजेता भोपाल की नीलम धन्ना व तृतीय स्थान पर ग्वालियर की प्रीति इसुलिया रहीं। टेनिक्काइट स्पर्धा के एकल में विजेता इंदौर की रिंकी शर्मा, उपविजेता श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की अमृता तिवारी व तृतीय स्थान पर इंदौर की वैभवी माने रहीं। युगल मुकाबले में विजेता इंदौर की वैभवी माने व रिंकी शर्मा, उपविजेता श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की एडलिन टोप्पो व अमृता तिवारी एवं तृतीय स्थान पर केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की नीता पटेल व अंजली देशमुख रहीं।

बैडमिंटन के एकल में विजेता श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की अंजली, उपविजेता श्वेता व तृतीय स्थान पर भोपाल की रजनी धारने रहीं। युगल मुकाबले में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की अंजली व श्वेता विजेता, भोपाल की निकिता व रजनी धारने उपविजेता व तृतीय स्थान पर इंदौर की मोनिका व मीनाक्षी रहीं। टेबल टेनिस के एकल मुकाबले में विजेता भोपाल की संगीता रजक, उपविजेता इंदौर की मीनू आशा चौधरी व तृतीय स्थान पर इंदौर की रूपा कनौजिया रहीं। युगल मुकाबले में विजेता भोपाल की संगीत रजक व रेखा नागर, उपविजेता इंदौर की मीनू आशा चौधरी व रूपा कनौजिया व तृतीय स्थान पर केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की डा. सरिता बदलानी व रीतू पटेल रहीं।



# बेटों के साथ घर में घुसकर सरपंच ने महिला को पीटा

**जमीनी विवाद पर बड़वारा की रोहनिया ग्राम पंचायत में घटना, सरपंच सहित उसके दो पुत्रों पर पुलिस ने दर्ज की एफआइआर**

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहनिया के सरपंच ने परिजनों व साथियों के साथ मिलकर चौधरी परिवार के घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया है। हमले में महिला को गंभीर चोटे आई हैं। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची, विवाद शांत कराया व सरपंच सहित उसके पुत्रों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। पुलिस ने मारपीट के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के दौरान बस्ती में कोहराम मच गया लोग बीच-बचाव करने पहुंचे लेकिन सरपंच व उसके परिजन चौधरी परिवार पर हमला करते रहे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रोहनिया के सरपंच कोमल सिंह का गांव की महिला शीला चौधरी से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। शीला चौधरी का जहां पर मकान है उसके घर के पास से आम रास्ता है, वह शीला की जमीन बताई जा रही है। जहां से सरपंच द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसका महिला ने विरोध किया तो सरपंच ने अपने दोनों बेटों के साथ बीतीरात घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की। हमले में महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। गौरतलब है कि सरपंच द्वारा लगातार गांव के लोगों से विवाद किया जा रहा है। पूर्व में भी ग्रामीण को धमकी दिए जाने का वीडियो वायरल हुआ था। बीतीरात भी महिला के साथ मारपीट व बस्ती में कोहराम मचाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। गौरतलब है कि हमले के समय रात में बस्ती में हाहाकार मच गया था। महिला मारपीट से चीखती रही, परिजन व बस्ती के लोग बचाने का प्रयास करते रहे लेकिन सरपंच व उसके पुत्र लगातार हमला किए जा रहे थे।

### सरपंच व उसके पुत्र गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस ने ग्राम रोहनिया निवासी 28 वर्षीय दीपक चौधरी पिता मिठाई लाल चौधरी की शिकायत पर सरपंच कोमल सिंह गौड़, उसके पुत्र गोलू सिंह गौड़ व संजू सिंह गौड़ के विरुद्ध गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चोट पहुंचाने व जान से मारने की धमकी देने का अपराध धारा 294, 323, 324, 506, 34 के तहत दर्ज किया है। मामला दर्ज करने के साथ ही पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत रोहनिया में हुए विवाद की जांच जारी है। दीपक चौधरी की शिकायत पर सरपंच व उसके दो पुत्रों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों को आज गुरुवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। महिला का बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार जारी है। **-अंकित मिश्रा, थाना प्रभारी बड़वारा**

## नर्सों ने किया सद्बुद्धि हवन यज्ञ



कटनी,यशभारत। नर्सिंग ऑफिसर एसोसिशन जिला कटनी द्वारा 41 सूत्रीय मांगों को लेकर 12 दिसम्बर से चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज जिला अस्पताल परिसर के गार्डन में सद्बुद्धि हवन यज्ञ किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफ की मौजूदगी रही।

# भूसी लोड ट्रक पलटा, तीन घायल

**एक गंभीर, जिला अस्पताल रिफर**
**कैमोर के मोहन टोला में दुर्घटना**



**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना अंतर्गत मोहन टोला के पास भूसी लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके कारण ट्रक में सवार तीन लोग घायल हो गए। तीनों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एम.पी.17जी-2059 मानपुर से भूसी लोड करके कैमोर की तरफ जा रहा था। ट्रक कैमोर थाना क्षेत्र के मोहन टोला के समीप मोड़ के पास पहुंचा तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया और बेलगाम होकर ट्रक विद्युत पोल तोड़ता हुआ पलट गया। वाहन में चालक सहित 6 लोग सवार थे, जिनमें तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची। डायल 100 व 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को विजयराघवगढ़ सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां तीनों का उपचार जारी है। घायलों में अमरैया गांव निवासी लवकुश ठाकुर, करण सिंह व अर्जुन सिंह शामिल हैं। अर्जुन सिंह के सिर पर गंभीर चोटें होने के कारण जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। हादसे में बाल बाल बचे लल्ला सिंह व शंकर सिंह ने बताया कि वाहन बरापार निवासी सूरज कोल चला रहा था जो घटना के बाद फरार हो गया। घटना की खबर मिलने पर कैमोर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए और लापरवाह चालक के खिलाफ मामला कायम कर जांच में लिया है।

**गिरफ्तार दो आरोपियों को आज न्यायालय में पेश करेगी पुलिस**



# जीजा की नृशंस हत्या कर फरार साले की गिरफ्तारी पर एसपी ने घोषित किया 5 हजार का ईनाम


**लकड़ी रखने के विवाद पर विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 15 में हुई थी वारदात**

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 15 में कुल्हाड़ी से गला काट कर की गई 20 वर्षीय युवक की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि वारदात के मुख्य आरोपी और रिश्ते में मृतक का साला अभी भी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने 5 हजार रूपए का ईनाम भी घोषित किया है। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि घर के समीप लकड़ी रखने के विवाद पर किशन बर्मन पिता अर्जुन बर्मन का रिश्ते के चचेरे भाई व जीजा 20 वर्षीय संदीप बर्मन पिता रमेश बर्मन से भिड़ गया और मारपीट करने लगा। इसी दौरान किशन ने कुल्हाड़ी से संदीप के गले में हमला कर दिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर विजयराघवगढ़ एसडीओपी उमराव सिंह, टीआई विजय सिंह बघेल, कैमोर थाना प्रभारी मंजू शर्मा, विजयराघवगढ़ और बरही के पुलिस अमले के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और जांच कार्रवाई शुरू की। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को पकड़वाने वाले को 5 हजार रुपए नगद देने की भी घोषणा की है। थाना प्रभारी ने बताया कि वारदात में शामिल आरोपी अवधेश बर्मन, छोटू उर्फ अभिषेक बर्मन को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं कृष्णा बर्मन की तलाश जारी है। कुछ माह पूर्व ही मृतक संदीप बर्मन ने चाचा अर्जुन बर्मन की बेटी से विवाह कर लिया था। युवक की हत्या के पीछे उक्त रंजिश भी मानी जा रही है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि गिरफ्तार दो आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## मकान के बाहर खड़े ट्रक से डीजल चोरी



**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी पुलिस चौकी के अंतर्गत कटनी-जबलपुर मार्ग में पिपरौंध के पास खड़े ट्रक से 50 लीटर डीजल चोरी का मामला सामने आया है। वीरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि घर के बाहर ट्रक को खड़ा कर चालक घर चला गया था। रात में चार युवक कार से पहुंचे और डीजल चोरी कर फरार हो गए हैं। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पीड़ित ने झिंझरी पुलिस चौकी में शिकायत की है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

मुम्बई के मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष गुप्ता
(एम.सी.एच. यूरोलॉजी)
कटनी में उपचार एवं परामर्श हेतु
दिनांक 15/12/2022 से 17/12/2022 तक उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. आशीष गुप्ता मो. 9833072976, डॉ. अक्षय गुप्ता मो. 9425152372, डॉ. वी.के. गुप्ता मो. 9425153721
पता- गुप्ता नर्सिंग होम एम.ई.एस. कालोनी माधवनगर कटनी (म.प्र.)


## सड़क हादसे में बच्ची की मौत

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम मझगवां में हाइवे पर हुए एक्सीडेंट में बच्ची की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मझगवां छैघरा में नेशनल हाइवे क्रमांक 43 पर किराना दुकान के सामने ग्राम मझगवां निवासी रमेश चौधरी की 8 वर्षीय पुत्री अंजली को एक वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में अंजली की मौत हो गई। सहायक उपनिरीक्षक जयपाल सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## पति ने की पत्नी की पिटाई

**कटनी, यशभारत।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत एक महिला के साथ पति द्वारा मारपीट की गई है, जिससे महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा चौधरी के साथ पति धर्मदास चौधरी ने मारपीट की है। महिला ने बताया कि 15 साल पहले विवाह हुआ हैए बच्चे भी हैं, इसके बाद भी तलाक देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मना करने पर आए दिन मारपीट की जाती है। महिला का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है।

**परिवर्तित मार्ग से चलाए जाने के कारण रेलवे का निर्णय**

# 29 दिसंबर तक कटनी स्टेशन में रुकेगी शक्तिपुंज एक्सप्रेस



**कटनी, यशभारत।** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेल मंडल में गढ़वा रोड जंक्शन/तोलरा और रजहरा स्टेशनों पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जबलपुर से हावड़ा के बीच कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 11447/11448 जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 14 दिसंबर से 29 दिसंबर की अवधि में गाड़ी संख्या 11447/11448 जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस दोनों दिशाओं में परिवर्तित मार्ग के दौरान कटनी स्टेशन पर 5 मिनट का ठहराव लेकर चलेगी, इस अवधि में यह कटनी साउथ स्टेशन की बजाय कटनी जंक्शन में ठहराव लेगी। 14 से 29 दिसंबर तक यह ट्रेन वाया जबलपुर-कटनी साऊथ-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया-धनबाद की बजाय परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-कटनी जंक्शन-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया-धनबाद स्टेशन होकर चलेगी। इस अवधि में यह एक्सप्रेस गाड़ी दोनों दिशाओं में इस अवधि में सिंगरौली, चौपन, गढ़वा रोड जंक्शन, बरकाकाना, चंद्रपुरा जंक्शन स्टेशन नहीं जाएगी।





सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी मो. 8889696888


**शहर के कारोबारी की शिकायत में राजस्थान के युवक पर मामला दर्ज**

# फैक्ट्री लगाने के नाम पर 36 लाख की धोखाधड़ी

**कटनी, यशभारत।**

कुठला पुलिस ने फैक्ट्री लगाने के नाम पर शहर के एक कारोबारी से की गई 36 लाख रूपए की धोखाधड़ी के मामले में बीकानेर राजस्थान निवासी एक युवक पर मामला दर्ज किया है। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस संबंध में कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि शंभू टॉकिज के पास नईबस्ती क्षेत्र निवासी रामचंद्र रावलानी ने कुठला थाना अंतर्गत खंडेलवाल कंपाउंड लहसुन गोदाम में फैक्ट्री लगाने का करार राजस्थान के बीकानेर शहर निवासी पवन पिता रमेश शर्मा से किया। इस दौरान रामचंद्र रावलानी ने पवन शर्मा को 40 लाख रूपए का भुगतान भी किया। बताया जाता है कि पैसा लेने के बाद पवन राजस्थान चला गया। रामचंद्र ने जब उससे तकादा किया तो उसने फैक्ट्री लगाने से मना कर दिया। रकम वापस मांगने पर पवन ने रामचंद्र को एक बार 4 लाख रूपए वापस किए लेकिन 36 लाख रूपए देने से मना कर दिया। जिसकी शिकायत रामचंद्र के द्वारा पुलिस से की गई। पुलिस ने शिकायत पर जांच करते हुए आरोपी पवन शर्मा के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला धारा 420, 406 के तहत दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार बताया जा रहा है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

### फर्जी दस्तावेजों से करा ली जमीन की रजिस्ट्री

उधर माधवनगर पुलिस ने भी फर्जी दस्तावेजों से जमीन की रजिस्ट्री कराकर वृद्ध के साथ की गई धोखाधड़ी में एक युवक पर मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम निवार पहाड़ी निवासी 60 वर्षीय उमादत्त पाठक ने प्रेमनारायण तिवारी पर फर्जी दस्तावेजों से जमीन की रजिस्ट्री कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने उमादत्त पाठक की शिकायत पर प्रेमनारायण तिवारी के विरूद्ध धारा 420, 467, 468 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


मंगलम मैरिज गार्डन
सुसज्जित एसी कमरे, इन्वर्टर की व्यवस्था, बाथरूम में (गीज़र) ठंडे-गरम पानी की सुविधा, पार्किंग व सीसीटीव्ही कैमरे सहित सर्वसुविधायुक्त परिसर



पता- तिलक कॉलेज मोड़ दुर्गा चौक कटनी (म.प्र.) मो. 9131557376, 8826017861




प्लाट बिकाऊ हैं
शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।
दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता



एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087, 8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511



डॉ. दीपक सक्सेना डॉ. शोभना सक्सेना
श्री SHRI HOSPITAL KATNI
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी 9425325316, 9425151543, 9752414316



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)